50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.2 °c
अधिकतम 19.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13, सूर्यास्त : 5:30 | वर्ष : 50/ अंक : 360 | शनिवार, 31 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

कोई आपसे मौका छीन सकता है, आपकी काबिलियत नहीं, खुद को इतना काबिल बना लीजिए कि मौके आपको पा लेने के मौके तलाशने लगे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैं भी रेल राज्य मन्त्री रहा, लेकिन मनमोहन सिंह ने किसी रेल का उद्घाटन नहीं किया : अधीर रंजन



हो सकता है....इसीलिए जनता ने बदलाव किया हो........

# एक दर्जन मैडीकल स्टोर्स पर छापों से हड़कंप

## ▶▶ 19 सैंपल लिए और बारह लाख से अधिक की संदिग्ध दवाएं सील ▶▶ नकली और घटिया दवाओं को लेकर लखनऊ के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर नकली दवाएं मार्केट में बेचे जाने की शिकायत पर लखनऊ से बनाई गई औषध विभाग की एक बड़ी टीम द्वारा आज शहर में वेस्ट यूपी के सबसे बड़े दवा मार्केट में ताबड़तोड़ छापामारी करते हुए डेढ़ दर्जन दुकानों की खरीद बिक्री को खंगाला। इसके बाद वहां 19 सैंपल भरने के साथ करीब बारह लाख रुपये मूल्य की ऐसी संदिग्ध दवाओं को सीज कर दिया जिनकी खरीद के कागजात विक्रेता नहीं दिखा पाए। उन्हें इसकी खरीद के कागज दिखाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

यूपी समेत विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर नकली दवाओं के कारोबार की शिकायतें मिलने के बाद प्रदेश शासन के निर्देश पर औषध विभाग की टीम ने आज सहारनपुर के ड्रग कंट्रोलर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने शहर के बीच स्थित जिला परिषद मार्केट में छापा मारा तो वहां हड़कंप मच गया। पुलिस बल के साथ पहुंची इस टीम ने चार-चार दवा की दुकानों पर जाकर वहां मौजूद स्टॉक की छानबीन की। इस दौरान इस बात की जांच की गई कि क्या विक्रेताओं के पास उपलब्ध स्टॉक में सबकी खरीद के पर्चे हैं या नहीं। इस दौरान कई दुकानों पर बड़ी मात्रा में ऐसी दवाएं मिलीं, जिनकी खरीद के पर्चे उनके पास नहीं थे। इसके बाद 19 दवाओं के सैंपल लिए गए और बारह लाख रुपये मूल्य की दवाओं को सील कर संबंधित दवा विक्रेताओं के पास ही रख दिया गया। उन्हें इन दवाओं की खरीद के लिए संबंधित कागजात एक सप्ताह में उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके बाद ही जांच के उपरांत इन दवाओं की बिक्री की जा सकेगी। ड्रग्स विभाग की डेढ़ दर्जन मेडीकल स्टोरों पर कार्यवाही से हड़कम्प मचा रहा। सहायक आयुक्त औषधि सहारनपुर मंडल सहारनपुर शशि मोहन गुप्ता के निर्देशन में आज जिला परिषद मार्केट में छापामार कार्रवाई में औषधि निरीक्षक शामली निधि पांडे, औषधि निरीक्षक सहारनपुर लवकुश प्रसाद एवं औषधि निरीक्षक मुजफ्फरनगर पवन कुमार शाक्य शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण के साथ पांच प्रकार की औषधियों के 19 नमूने एकत्रित कर जांच के लिए भेजे गए। क्रय अभिलेख न दिखाए जाने पर छापामार कार्रवाई के दौरान लगभग बारह लाख रुपए की औषधियों को सील कर की बिक्री पर रोक लगाई गई। छापे की इस कार्रवाई के बाद आज बाजार में कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ और वहां से खरीदार भी गायब हो गए। छापे की सूचना पर मुजफ्फरनगर कैमिस्ट ऐसोसिएशन के संरक्षक प्रमोद मित्तल व अन्य नेता भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने दवा विक्रेताओं से भी अनुरोध किया कि बिना बिल की या गलत दवाएं ना खरीदें और ना बेचें।

## कैसे हो रहा गोरखधंधा

**मुजफ्फरनगर। नकली दवाओं के कारोबार के लिए काफी समय से बदनाम रहे शहर के दवा बाजार पर आज की कार्रवाई से क्या निकलेगा यह तो अभी नही पता, लेकिन जानकार सूत्रों के अनुसार शहर के दवा बाजार में जो दवाएं बेची जा रही हैं, उनमें कुछ दुकानदार सब स्टैंडर्ड दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। बताया जाता है कि ऐसी दवाओं का कुछ माल सही कंपनी से मंगाने के बाद ऐसी दवाओं की नकली खेप दूसरी लोकल कंपनी से उसी बैच और पैकिंग के नाम पर खरीदी जाती हैं। ऐसे में मार्केट में यह दवाएं असली दवाओं से भी काफी कम दरों पर बेच दी जाती हैं। मुजफ्फरनगर से वेस्ट यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा तक तमाम स्थानों को दवाएं सप्लाई होती हैं।**




### इन मैडीकल स्टोरों पर हुई निरीक्षण की कार्रवाई

**1. पूजा मेडिकोज, 2. बसंत फार्मास्यूटिकल, 3. जैन फार्मा, 4. संदीप मेडिकल एजेंसी, 5.यूनीक फार्मा, 6. चोपड़ा मेडिकल एजेंसी, 7. मार्स मेडिकल एजेंसी, 8. माधव मेडिकल एजेंसी, 9. दीप मेडिकल एजेंसी, 10. लक्की मेडिकल एजेंसी , 11. कौशिक मेडिकल एजेंसी, 12. ढाका मेडिकोज**

# पंचतत्व में विलीन हुई मां हीराबा, पीएम नरेंद्र मोदी ने दी मुखाग्नि





**अहमदाबाद, 30 दिसंबर (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का निधन हो गया। पीएम मोदी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह सूचना दी गई। पीएम मोदी के ट्विटर हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा गया, 'शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से।' मां के निधन के बाद पीएम मोदी अहमदाबाद अपने भाई के आवास पर पहुंचे। वहां से हीराबेन मोदी का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्गीय मां के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। यूएन मेहता अस्पताल के एक बयान में कहा गया है, 'हीराबा मोदी का निधन शुक्रवार तड़के (30 दिसंबर) 3.30 बजे (सुबह) इलाज के दौरान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर के श्मशान घाट पर अपनी मां हीराबेन मोदी का अंतिम संस्कार करने के बाद वहां से रवाना हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का 100 वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। श्री मोदी ने मातृदेवोभव की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने? जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं! भाजपा के वयोवृद्ध नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने भी पीएम मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर कहा कि एक पुत्र के लिए मां का जाना अपूरणीय क्षति होती है। अपना संघर्षों से भरा सरल और साध्वी जीवन जीने वाली पीएम मोदी जी की पूज्य माता जी के देहावसान से अत्यंत आहत हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उनका जीवन बहुत प्रेरणादायक था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने ट्वीट कर लिखा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पूजनीया माता जी हीरा बा के निधन से एक तपस्वी जीवन पूर्ण हो गया। इस दुखद प्रसंग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हम सभी स्वयंसेवक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी मां को श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस दुख को सहने की क्षमता दें। बसपा प्रमुख और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की माता हीराबेन के निधन हो जाने की खबर अति दुखद। उनके पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन्हें एवं उनके सभी चाहने वालों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी की मां हीराबा के निधन पर कई देश के कई बड़े नेताओं के साथ विदेशी नेताओं के भी शोक संदेश आ रहे हैं।



**देश विदेश के तमाम नेताओं ने जताया शोक**

# रुड़की के पास हादसे में ऋषभ पंत बुरी तरह घायल

**खुद चला रहे थे कार, ब्लैक स्पाट पर डिवाइडर से टकरा कर लगी आग**

**देहरादून/रुड़की, 30 दिसंबर (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत की मर्सिडीज कार का दिल्ली से घर लौटते समय बड़ा हादसा हो गया। रुड़की के नारसन बॉर्डर पर मुहम्मदपुर झाल के समीप मोड़ पर उनकी कार में डिवाइडर से टकराने के बाद आग लग गई। कार का शीशा तोड़कर वह समय रहते खुद बाहर निकले। जिसके बाद कार में आग लग गई। जरा भी देर हो जाती तो खतरा बढ़ सकता था। बाद में अस्पताल में ऋषभ ने कहा कि शुक्र है मैं बच गया।

कार में ऋषभ अकेले थे, वह खुद गाड़ी चला रहे थे। जिस स्थान पर क्रिकेटर ऋषभ की कार दुर्घटनाग्रस्त हुई, वह ब्लैकस्पाट है। कुछ लोगों ने उन्हें कार से बाहर निकलने में मदद की। इस पर उन्होंने बताया कि वे ऋषभ पंत हैं। तब एक रोडवेज बस चालक ने पुलिस को सूचना दी। हादसे का कारण नींद की झपकी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। उन्हें देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल लाया गया। उनके माथे, पीठ और पैर पर गंभीर चोट लगी है। हादसे के बाद ऋषभ समय रहते कार का शीशा तोड़कर खुद बाहर निकल गए और देखते ही देखते कार में आग लग गई। बेटे का एक्सीडेंट होने की सूचना पाकर ऋषभ पंत की मां सरोज पंत बदहवास हालत में सक्षम हॉस्पिटल में पहुंचीं। यहां पर रोते हुए मां ने कहा कि वह तीन दिन से बेटे से बात कर रही थी और उसे घर आने के लिए कह रही थीं। हॉस्पिटल में शुरूआती इलाज के दौरान स्वयं ऋषभ द्वारा उनको एक बैग (सूटकेस) के अलावा सारा सामान गाड़ी के साथ जल गया। हरिद्वार पुलिस द्वारा उक्त सूटकेस एवं तत्समय मौके से प्राप्त नगदी, ब्रेसलेट व चेन को ऋषभ पंत की माताश्री को अस्पताल में ऋषभ के सामने ही सुपुर्द किया गया। उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल लाया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत स्थित है और खतरे की कोई बात नहीं है। मैक्स अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा आशीष याग्निक ने भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि बाहर से उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं दिखाई पड़ रही है। कमर, सिर और पैर में वह चोट बता रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक ऋषभ पंत के माथे और पैर में चोट आई है। शुक्रवार को अल सुबह भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत कार से सवार होकर दिल्ली से रुड़की की ओर आ रहे थे। बता दें कि रुड़की में ऋषभ पंत का घर है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऋषभ की कार रेलिंग से जा टकराई, जिसके बाद कार में आग लग गई। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल ऋषभ पंत को दिल्ली रोड स्थित सक्षम अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## पीएम नरेन्द्र मोदी ने की पंत की मां से बात



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिकेटर ऋषभ पंत की मां से बात की। फोन पर बातचीत के दौरान पीएम ने पंत के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पंत को लेकर एक ट्वीट किया था। इसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेटर के जल्द ठीक होने की दुआ की थी।**

## पारा थोड़ा बढ़ा, लेकिन ठंड के तेवर तीखे, तापमान 19 .0/9 .2

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** कड़ाके की ठंड के बीच आज तापमान में बढ़ोतरी शुरू हुई लेकिन शीत लहर से कोई राहत मिलती नजर नहीं आई। नगर में आज अधिकतम तापमान चार डिग्री बढ़कर 19 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में भी 4.2 डिग्री इजाफे के बाद यह 9.2 पर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार नए साल पर शीत लहर का एक और बड़ा झटका झेलने को मिलेगा। कोहरे की स्थिति आज भी बनी रही। शीत लहर के बीच कोहरा लगातार समस्या बना हुआ है। आज भी सुबह के समय कोहरे के बाद धूप निकलने से मौसम में थोड़ा सुधार महसूस हुआ। इसके चलते तापमान में इजाफा हुआ। आज तापमान अधिकतम 19 और न्यूनतम 9.2 डिग्री पर पहुंचने के साथ दिन में थोड़ी राहत रही, लेकिन ठंड का असर बरकरार रहा। शाम होते ही फिर ठंड के तेवर तीखे होने लगे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में सर्दी की ठिठुरन कई दिनों से बनी हुई है। नम हवा के प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में ठंड से थोड़ी राहत मिली। इस कारण से दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। शुक्रवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में कोहरा नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार 31 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज होनी शुरू होगी। चार जनवरी तक तापमान चार डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन से चार दिन सुबह के समय दिल्ली, चंडीगढ़ व हरियाणा में घने से घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। वहीं विभाग ने एक से दो जनवरी को शीत लहर चलने व सर्द दिन रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में यह शीत लहर होगी, जिसका असर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व दिल्ली में देखने को मिलेगा।

### घंटों विलंब से चल रही रेलगाड़ियां

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** कोहरे के कारण तमाम रेलगाड़ियों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आज भी कई रेलगाडियां घंटों विलंब से चलीं। छत्तीसगढ एक्सप्रेस सुबह तीन घंटे चालीस मिनट और शाम को दो घंटे 32 मिनट की देरी से चली। मदुरै साढ़े चार घंटे देरी से पहुंची। नौचंदी एक्सप्रेस दो घंटे 43 मिनट की देरी से यहां पहुंची। स्वर्ण मंदिर एक्सप्रेस एक घंटा 56 मिनट की देरी से चली। इस तरह कोहरे की मार से सड़क और रेल का यातायात दूभर होने के कारण यात्रियों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली से वाया मुजफ्फरनगर होकर सहारनपुर आने-जाने वाली पैसेंजर दो ट्रेन 4403 और 4404 को 24 जनवरी के लिए रद्द कर दिए जाने के कारण यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आए बाइक सवार की मौत

**बुढ़ाना, 30 दिसंबर (बु.)। भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर रायसिंह निवासी आकाश पुत्र सोमपाल अपने साथी पंकज कोरी पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी गांव नसीरपुर के साथ एक बाइक पर सवार होकर नसीरपुर गांव में आ रहे थे, जब दोनों बुढ़ाना कस्बे में हिंडन नदी पुल और खतौली मौड के बीच में आए तो तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर आकाश की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। तब सूचना पाकर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल पंकज कोरी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जाता है कि घटना को लेकर आकाश के परिजनों में कोहराम मचा है।**

## महान फुटबॉलर पेले का निधन

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता)।** सर्वकालिक महान फुटबॉलरों में से एक ब्राजील के दिग्गज पेले का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। गुरुवार देर रात इंस्टाग्राम पर उनकी बेटी ने इस खबर की पुष्टि की है। कोलन कैंसर से उनकी मृत्यु हुई। ब्राजील के एक छोटे से इलाके से आए पेले ने दुनिया में फुटबॉल की परिभाषा ही बदल कर रख दी थी। गरीबी में पले बढ़े पेले ने फुटबॉल में बहुत नाम कमाया और ऐसे रिकॉर्ड बना डाले, जो आज तक नहीं टूटे हैं। हम आपके लिए इस खबर में उनके रिकॉर्ड लेकर आए हैं, जो बताते हैं कि पेले कितने बड़े फुटबॉलर क्यों थे। अपने देश को तीन विश्वकप जिताने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं पेले। 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील को विश्व कप जिताया था। पेले 18 साल की उम्र से पहले फीफा वर्ल्ड कप में गोल दागने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं। 1958 फीफा वर्ल्ड कप में सूडान के खिलाफ विश्व कप फाइनल में उन्होंने दो गोल दागे थे। पेले ने प्रोफेशनल करियर में कुल 1363 मैच खेले और 1281 गोल दागे हैं, पेले ने ब्राजील के लिए 92 मैचों में 77 गोल दागे। पेले ने 1971 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था। पेले अपने पहले ही विश्वकप में धमाल मचाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 17 वर्ष और 239 दिन की उम्र में 1958 वर्ल्ड कप में वेल्स के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में वर्ल्ड कप का पहला गोल दागा था। इस तरह वह इस टूनार्मेंट में गोल दागने वाले सबसे कम उम्र के फुटबॉलर बन गए थे। खास बात ये भी है कि 17 साल और 244 दिन की उम्र में 1958 वर्ल्ड कप के सेमीफइनल में उन्होंने फ्रांस के खिलाफ हैट्रिक गोल भी दागे।



## रेहडे व बाइक की भिड़न्त में एक व्यक्ति की मौत

**खतौली, 30 दिसंबर (बु.)। गत तीन दिन पूर्व रेहडे व बाइक में हुई भीषण टक्कर में गम्भीर रूप से घायल बाइक चालक आलम की उपचार के दौरान हुई दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गत 27 दिसंबर को जीटी रोड पर नगर के बीच रेहडे व बाइक के बीच हुई भीषण भिडन्त में गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार आलम पुत्र मौहम्मद अहमद निवासी मौहल्ला सराफान खतौली को चिन्ताजनक स्थिति में मेरठ स्थित अस्पताल आलम की शुक्रवार को अचानक मौत हो गयी। घायल आलम की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। इसी ओर शुक्रवार को नगर के चर्च के निकट दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गये। दोनों बाइक सवारों नसीम निवासी जानसठ व आबिद निवासी गांव सराय रसूलपुर को पुलिस द्वारा नागरिकों के सहयोग से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



Pranav R Swarup

(11-11-88 ~ 31-12-2021)

Your presence will always be felt.

आपका एहसास हमेशा रहेगा।

# केवल फेफड़ों तक ही सीमित बीमारी नहीं है टीबी

## शरीर के किसी भी भाग में हो सकती है टीबी, जांच आवश्यक

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** मानव शरीर में टीबी संक्रमण से जुड़ी बीमारी केवल फेफड़ों की ही बीमारी नहीं होती है, बल्कि यह गंभीर रोग मानव के शरीर के किसी भी भाग में हो सकता है, इसको लेकर जानकारी और सावधानी दोनों ही बेहद आवश्यक हैं। सही जानकारी न होने के कारण लोग इस गंभीर बीमारी का समय से उपचार नहीं करा पाते हैं और उनको इसके परिणाम भी भुगतने पड़ते हैं।

इसे केवल फेफड़ों की ही बीमारी न सम-ा जाये, शरीर में यदि लंबे समय तक हड्डियों में दर्द रहे तो टीबी की जांच करानी चाहिए। इस बीमारी से जुड़े कई तरह के लक्षण हड्डियों की टीबी (बोन टीबी) में भी हो सकते हैं। इसमें लापरवाही न करते हुए तत्काल चिकित्सक से जांच कराएं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि जनपद में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनवरी 2022 से अब तक करीब 8089 टीबी रोगी नोटिफाई किये जा चुके हैं। इसमें सरकारी स्तर पर 7010 और निजी स्तर पर 1075 रोगी नोटिफाई किये गये हैं। इस दौरान करीब 3273 मरीज उपचार सुविधा मिलने पर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीज के खाते में उपचार चलने तक 500 रुपये प्रतिमाह भी भरण पोषण के लिए दिए जाते हैं, यह राशि मरीज के बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई मरीज पीठ दर्द या अन्य जोड़ों के दर्द से परेशान है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। तुरंत टीबी जांच केंद्र पर जांच करवानी चाहिए। यह बोन टीबी भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि टीबी दो प्रकार की होती है।

**टीबी के मुख्य लक्षण...**

**जिला पीपीएम समन्वयक प्रवीण कुमार ने बताया कि सावधानी जरूरी है। दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में कभी-कभी खून आना, सीने में दर्द होना, शाम को हल्का बुखार आना, वजन कम होना और भूख न लगना टीबी के मुख्य लक्षण हैं।**

पल्मोनरी और एक्स्ट्रापल्मोनरी। जब टीबी फेफड़ों के अलावा शरीर के किसी अन्य अंग में होती है, तो इसे एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी कहते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है। यह माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु के कारण होता है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों और पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। शरीर के अन्य अंगों में भी टीबी हो सकती है। हड्डियों में लगातार दर्द बोन टीबी के संकेत हो सकते हैं, ऐसे में तुरंत जांच करवानी चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बोन टीबी की विभिन्न श्रेणियां होती हैं, जैसे रीढ़ में, कूल्हे के जोड़ में, कोहनी में, घुटने के जोड़ में, टखने के जोड़ में एवं ऊपरी भाग में भी यह हो सकती है। विभिन्न प्रकार की हड्डी की टीबी के लिए अलग-अलग उपचार की विधि उपलब्ध हैं।

## हड्डियों में लगातार दर्द रहना भी है टीबी का मुख्य लक्षण: डॉ. लोकेश

उन्होंने बताया कि जनपद में इस साल बोन टीबी के अभी तक पांच मरीज मिले हैं। चिह्नित होने के बाद इनकी जांच हुई और ये सभी मरीज उपचार के बाद ठीक हो गए हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक सहबान उल हक ने कहा कि टीबी का उपचार लंबा होता है। रोगी को बीच में इसका उपचार नहीं छोड़ना चाहिए।

## टिकौला मिल ने 28.53 करोड़ का भुगतान किया

**रामराज, 30 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल ने किसानो से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर दिया, जिससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। रामराज क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष महेश चन्द शर्मा ने बताया कि टिकौला शुगर मिल ने पेराई सत्र 2022-23 की शुरूआत करने के बाद किसानों का हित देखते हुए दिनांक 17 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किसानों से खरीदे गये गन्ने का 28 करोड़ 53 लाख रुपए का छठा भुगतान समितियों व बैंको के माध्यम से किसानों को कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी-अपनी सबंधित समितियों व बैंकों के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।





# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में हुए रंगारंग कार्यक्रम में शिक्षकों संग थिरके विद्यार्थी

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में बीसीए/बीएससी (सीएस) विभाग के सभागार में नववर्ष-2023 के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों व अध्यापक-अध्यापिकाओं ने उत्सुकतापूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल व बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल एवं राजीव पाल सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया व उन्होंने छात्र एवं छात्राओं के जीवन को बेहतर तरीके से जानने व जीने और उज्जवल भविष्य को हैप्पीनेस बनाने के लिये प्रोत्साहित किया। बधाई देते हुए कहा कि किसी इंस्टिट्यूट की सफलता छात्र एवं छात्राओं की सफलता पर निर्भर करती है। बीसीए विभाग अध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न प्रक्रियाओं से छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्द्धन होता है तथा उन्हें अध्ययन के दौरान ही मनोरंजन का मौका मिलता है। संयोजक प्रवक्ता अनुज गोयल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। संचालन शगुन, हर्षिका, साक्षी शर्मा, शुभम अग्रवाल ने किया। नृत्य, संगीत में भागीदारी कर शगुन, प्राची गर्ग, रिधि जैन, सागर, प्रज्ञा, दीपशिखा, सताक्षी गर्ग, हर्षिका, हर्षित, विधि, वसुंधरा जैन, हर्ष यादव, विशु शर्मा, वंशिका आदि ने अपनी प्रस्तुती कर सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। बेस्ट प्रस्तुति पुरस्कार शगुन, हर्षिका, सताक्षी गर्ग व भावना शर्मा को दिया गया। बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगणों ने सह संयोजक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। अंत में कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए प्राचार्य ने सभी को नववर्ष-2023 की हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा कुछ निश्चित प्रण लेने व देश के हित व संगठन के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। चाँदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, प्राची संगल, मौ. अन्जर, मोहित गोयल, श्वेता, राहुल शर्मा, अवनी सिंघल, प्रियंका शर्मा, रितु, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, सतीश, अमित व उमेश मलिक आदि शिक्षक व स्टाफ का सहयोग रहा।




फोटो बुलेटिन नववर्ष कार्यक्रम में समूह नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

# क्लर्स 2022-भारतीय संस्कृति की दिखी -ालक

## गुडबॉय और वेलकम... मंत्री कपिल देव ने किया श्रीराम कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ




फोटो बुलेटिन छात्र को सम्मानित करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव क्लर्स-2022 का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश तथा श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। सचिव इंजी. संकल्प कुलश्रेष्ठ, मुक्ता कुलश्रेष्ठ, ज्ञानी गुरवचन सिंह, अर्चना गोयल, चमनलाल, होतीलाल शर्मा, चौ. राजबीर सिंह, अन्जू चौधरी आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गणेश वन्दना प्रस्तुत की गई। छात्र मजहर ने गीत से मनमोह लिया। श्रीराम पॉलिटेक्निक के छात्रों ने वीर शिवजी को समर्पित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। बीबीए के छात्र-छात्राओं ने कृष्णलीला का जीवन्त मंचन किया। विद्यार्थियों ने मंचीय प्रस्तुति में बिहार की संस्कृति को दर्शाया। श्रीराम गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं द्वारा रक्तचरित्र की प्रस्तुति दी। श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं ने शिव तांडव, महिला व बाल अपराधों पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, तो ललित कला विभाग की लुबना सैफी ने माधुरी दीक्षित की थीम पर नृत्य प्रस्तुति से समां बांध दिया।

मुख्य अतिथि रहे कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के बीच आने से उनका उत्साहवर्द्धन होता है। यह मेरे लिये सौभाग्य की बात है कि मैं यहां उपस्थित हुआ हूँ। मुझे विद्यार्थियों के बीच आकर अपार आनन्द की अनुभूति होती है। उन्होंने श्रीराम कॉलेज के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि जितनी प्रतिभा उन्होंने इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों में देखी है और कहीं नहीं देखी। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुये इसका श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकों को दिया। सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान दी। संचालन मौ. शहजाद, सोनू कुमार, एकता पाण्डेय, शबनूर, दीपक, जिगर और मोनिश द्वारा संयुक्त रूप से किया। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. आलोक कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डॉ. मनोज धीमान, एचआर पंकज, डीन मैनेजमेंट डॉ. सौरभ मित्तल उपस्थित रहे।

फोटो बुलेटिन रंगारंग कार्यक्रम में सुंदर नृत्य प्रस्तुति देंती श्रीराम कॉलेज की छात्राएं

# किसान क्रेडिट कार्ड से दो लोगों ने बैंक को लगाया चूना

## एसबीआई प्रबंधक ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** फर्जी कागजातों के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड लेकर दो लोगों ने भारतीय स्टेट बैंक की अंसारी रोड शाखा को लाखों रुपए का चूना लगा डाला। दोनों खाते एनपीए होने के बाद जब खाताधारकों द्वारा जमा किये गये कागजों की जांच की गई, तो वे फर्जी निकले, तब बैंक प्रबंधक ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अंसारी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंधक प्रिया गोयल ने बताया कि सरवट निवासी इरशाद अहमद पुत्र अब्बास ने उनकी शाखा में किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये आवेदन किया था। आवेदन के आधार पर आरोपी को किसान क्रेडिट कार्ड दे दिया गया था, जिससे उसने ऋण लिया। ऋण वापस न लौटाये जाने पर आरोपी का खाता एनपीए हो गया, तब उसके द्वारा बैंक में जमा कराये गये कागजातों की जांच कराई गई, तो बैंक में जमा कराये गये कागजात फर्जी निकले। बैंक प्रबंधक की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बैंक ने प्रबंधक ने बताया कि गांव सिखेड़ा निवासी यामीन अली पुत्र उमरदीन ने भी इसी प्रकार उनके बैंक में फर्जी कागजात जमा कराकर किसान क्रेडिट कार्ड ले लिया और ऋण लेने के बाद वापस नहीं लौटाया। पुलिस ने यामीन के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है तथा दोनों आरोपियों की सरगर्मी के साथ तलाश शुरू कर दी है।

## युवती का अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव सिसौना निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री विगत् 29 दिसम्बर से संदिग्ध हालातों में लापता है। काफी तलाश करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित महिला ने अज्ञात लोगों पर अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त कर पुलिस से शीघ्र ही उसकी पुत्री की सकुशल बरामद करने की मांग की।

**गेहूं की बंपर पैदावार की उम्मीद**

# बुआई का रकबा 3.59 प्रतिशत बढ़कर 325.10 लाख हेक्टेयर पहुंचा

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता)।** कृषि मंत्रालय के मुताबिक रबी सीजन की फसलों की बोआई करीब-करीब खत्म होने वाली है। बोआई के आंकड़ों पर गौर करें तो 30 दिसंबर तक गेहूं की बोआई का रकबा साल भर पहले की तुलना में 3.59 प्रतिशत बढ़कर 325.10 लाख हेक्टेयर हो गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 313.81 लाख हेक्टेयर बोआई की गई थी।

मक्का, ज्वार, चना और सरसों अन्य प्रमुख रबी फसलें हैं और इनकी कटाई अगले साल मार्च-अप्रैल में शुरू होगी। राज्यवार गेहूं बोआई के आंकड़ों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश (3.59 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (2.52 लाख हेक्टेयर), महाराष्ट्र (1.89 लाख हेक्टेयर), गुजरात (1.10 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.87 लाख हेक्टेयर), मध्य प्रदेश (0.85 लाख हेक्टेयर), छत्तीसगढ़ (0.66 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (0.21 लाख हेक्टेयर), जम्मू-कश्मीर (0.08 लाख हेक्टेयर), असम (0.02 लाख हेक्टेयर) और झारखंड (0.03 लाख हेक्टेयर) शामिल हैं। कृषि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में लगभग एक प्रतिशत रकबे में ही गेहूं की बोआई हुई है। हालांकि प्रदेश में कुछ हिस्सों में किसान जनवरी में गन्ने की कटाई के बाद गेहूं की बोआई कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि अधिक समर्थन मूल्य मिलने की उम्मीद में अधिक रकबे में गेहूं की बोआई की गई है। गेहूं की फसल की संभावना फिलहाल अच्छी दिखाई दे रही है और मंत्रालय को उम्मीद है कि फूल आने से लेकर दाना भरने तक अगर मौसम की स्थिति अच्छी रही तो रिकार्ड उत्पादन होगा।

## एक साल से वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** नई मंडी पुलिस ने मुकदमे में एक वर्ष से वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 2 जनवरी, 2022 को जानसठ रोड स्थित भरतिया कालोनी निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र लाल राम ने नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके घर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अहसान पुत्र काला उर्फ मुस्तफा, निवासी दधेड़ू, थाना चरथावल को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वह वारदात को अंजाम देने के बाद पिछले एक वर्ष से पंजाब और हरियाणा में रह रहा था। पुलिस ने लिखापढी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# किसानों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा: पंकज

## भोपा में हुई पंचायत, मांगा 600 रुपये का भाव

**सूबे में गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने पर किसानों ने जताया अपना आक्रोश**

**भोपा, 30 दिसम्बर (बु.)।** शुकतीर्थ मोरना मार्ग पर आयोजित किसान पंचायत में भाकियू किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पंकज ग्रेड ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसान मजदूर का शोषण करने में जुटी हुई है। सरकार ने गन्ने का मूल्य भी अभी तक घोषित नहीं किया है। किसानों को अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करना पड़ेगा।

किसान पंचायत में मुख्य वक्ता भकियू किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पंकज ग्रेड ने कहा कि सरकार किसानों का शोषण बंद करें बिजली, यूरिया, डीएपी आदि किसानों से जुड़ी वस्तुओं पर सरकार ने बढ़ोत्तरी कर किसान को कंगाल बना दिया है। सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। गन्ने को पैदा करने में किसानों की बहुत लागत आती है, इसलिए गन्ने का भाव सरकार को 600 रुपये प्रति कुंतल करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र गन्ने का भाव घोषित नही होता तो किसान सेना शुगर मिल भी बंद कराने पर मजबूर होगी। पंचायत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगत सिंह, जिलाध्यक्ष सलीम मलिक, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कमर जहां आदि ने भी संबोधित किया। पंचायत की अध्यक्षता ब्लाक प्रभारी चौधरी ओमपाल सिंह ने की। पंचायत में मंडल अध्यक्ष डॉ. हरितोश मोहन, अब्दुल सलाम, अंजुम, आलम, बिट्टू, सोनू, इंटेल, मनोज, सगीर, नीरपाल, हारून जैदी, गुलजार अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नई पेंशन योजना के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**पुरकाजी, 30 दिसम्बर (बु.)।** पुरकाजी बीआरसी कार्यालय पर शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रातीय आडिटर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में नई पेंशन योजना के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मुकेश शर्मा ने कहा कि नई पेंशन योजना जबरदस्ती शिक्षको पर स्वीकार करने के लिये दबाव बनाया जा रहा है। स्वीकार न करने पर वेतन रोकने के आदेश भी दिये गये हैं, जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाये। धरने के उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी पुरकाजी कार्यालय पर उपस्थित बाबू दिनेश कुमार को एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुदेशक संघ योगेन्द्र कुमार, संदीप तोमर, बीना गोयल, विनोद कुमार, राजेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1310, रसकट ढैया-940-960, चाकू 1100-1230, लड्डू 1200-1295, खुरपापाड़ 1130-1145, शक्कर मसाला 1290-1300। आमद-7,000।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 53,900 चांदी-65,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,000

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 31 दिसंबर, 2022**

मेष- आज दिन 11/47 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयाँ, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।
वृषभ- आज दिन 11/47 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, व्यवधान, समस्या, चिंतित, विवाद संभव।
मिथुन- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूति, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से सहयोग, धन संचय में प्रवृत्ति, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धार्मिक यात्रा।
कर्क- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, राजनैतिक कार्यों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।
सिंह- आज दिन 11/47 बजे तक समय अव्यवस्थित, अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल, सद्विचारों का उदय।
कन्या- आज दिन 11/47 बजे तक ग्रह स्थिति अनुकूल, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, प्रगति गतिरोध, समस्या।
तुला- समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, मनोरंजन में रुचि, धन लाभ से खुशी।
वृश्चिक- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह का लाभ, हर्ष भी।
धनु- आज दिन 11/47 बजे तक समय प्रतिकूल, समस्या से चिंतित, शत्रु सक्रिय, व्यापार में निराशा, स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, अर्थ पक्ष में सफलता।
मकर- दिन 11/47 बजे तक अनुकूलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि, भौतिक सुख में न्यूनता।
कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास सार्थक, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, मनोरंजन रुझान।
मीन- आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, यात्रा, वाहन सुख की प्राप्ति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## उल्लास और उमंग.... अपने परिवारों के संग













फोटो बुलेटिन भारत विकास परिषद सम्राट शाखा के कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ व अन्य तथा गीत पेश करते सदस्य, परिवारों को सम्मानित भी किया गया।



# सम्राट शाखा के कार्यक्रम में दिखा उत्साह व उल्लास

## ▶▶ अभिनन्दन-2023 "साज हो तुम आवाज हूं मैं" कार्यक्रम ने जीता सभी का मन

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर सम्राट शाखा द्वारा बृहस्पतिवार को स्थानीय ट्युलिप रेस्टोरैन्ट रैलवे रोड पर नूतन वर्ष अभिनन्दन 2023 कार्यक्रम "साज हो तुम आवाज हूँ मैं" आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व उनकी पत्नी पूजा दुआ रहे। साथ ही कार्यक्रम में प्रान्तीय महासचिव डॉ आर. के. सिंह व उनकी पत्नी अलका सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम गायन से हुआ। शाखा की और से अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष रोहिताश कर्णवाल एडवोकेट ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत बाल कलाकार द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से की गई। इसके बाद स्फूर्ति कौशिक द्वारा तैयार किए गए बच्चों ने एक से एक सुंदर मंचीय प्रस्तुति से समां बांध दिया। फिर मनोज सेठी-चेतना सेठी द्वारा 'मेरी मकना मेरी सोनिये' व विजय सिंघल-रीनू सिंघल द्वारा 'कह दूँ तुम्हें या चुप रहूँ' गीत पर कपल डांस का प्रस्तुतिकरण कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

गायक कलाकार जे.डी. शर्मा, निधि व अन्य कलाकारों की क्रमबद्ध प्रस्तुति ने कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की। सुनील गर्ग-सुदेश गर्ग द्वारा प्रस्तुत मैलोडी सांग 'जहाँ भी मैं जाती हूँ वहीं चले आते हो' पर प्रस्तुत कपल डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी गई। आज का विशेष कपल डांस डॉ. आर. के. सिंह और अलका सिंह का रहा, जिन्होंने 'क्या खूब लगती हो बडी.सुन्दर दिखती हो' गीत पर ऐसा डांस किया कि सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मुकेश लाल द्वारा बांसुरी पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। परमकीर्तिशरण अग्रवाल-निधी के द्वारा प्रस्तुत गीत 'ये दिल तुम बिन कही लगता नहीं' ने समां बांध दिया।

हनी गोयल-ऋचा गोयल के कपल डांस व रोहिताश द्वारा गाये गीत को सभी ने सराहा। डॉ. आर. के. सिंह ने अपने सम्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा की व इतना सुन्दर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने सभी को नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर होने चाहिए। उम्र कुछ भी हो शौक जिन्दा रहने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वैसे तो ये अंग्रेजी नववर्ष है, लेकिन शुरू से ही परंपरा चली आ रही है इसलिए हम इसे मनाते आ रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम दिल में उत्साह पैदा करते हैं। समयबद्धता पुरस्कार में चार चांदी के सिक्के व नवम्बर-दिसम्बर के विवाह वर्षगांठ उपहार देकर सभी को सम्मानित किया गया। सचिव कीमती लाल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाखा के पिछले रिकार्ड ध्वस्त कर 49 सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।




**ऐसे पारिवारिक कार्यक्रम दिलों में उत्साह पैदा करते हैं, उम्र कुछ भी हो, शौक जिन्दा रहने चाहिएं: अंकुर दुआ**



मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# देश की सातवीं वन्दे भारत ट्रेन

कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सातवीं और पश्चिम बंगाल की पहली वन्दे भारत ट्रेन को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिये हरी झंडी दिखाई। प्रधानमन्त्री को कल पश्चिम बंगाल जाना था, लेकिन वे अपनी माँ के निधन के कारण नहीं जा सके, कल इस लोकार्पण कार्यक्रम से पहले उन्होंने अपनी माँ के पार्थिव शरीर को मुखग्नि दी। प्रधानमन्त्री मन्त्री मोदी की मां हीरा बा पंचतत्व में विलीन हो गईं। गुजरात के गांधीनगर में एक श्मशान घाट में साधारण तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया। हीरा बा का शुक्रवार सुबह 3.30 बजे निधन हो गया था। वे 100 साल की थीं। हीरा बा ने अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में अंतिम सांस ली। हीरा बा के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को पीएम मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के घर पर लाया गया। हीरा बा पंकज मोदी के साथ ही रहती थीं। पीएम मोदी ने वहां पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम मोदी ने अपनी मां के पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। गांधीनगर के श्मशान घाट में पीएम मोदी के साथ उनके सभी भाई मौजूद रहे। इस दौरान गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल मौजूद रहे। पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला भी पीएम मोदी को सांत्वना देने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कल के तय कार्यक्रम पूरे किए। मोदी ने अपना कोई तय कार्यक्रम रद्द नहीं किया। वे अंतिम संस्कार के बाद सीधे अहमदाबाद स्थित राजभवन गए, वहां से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिये पश्चिम बंगाल से जुड़े। सातवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पश्चिम बंगाल में हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच का सफर तय करेगी। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाई गई थी। नई पीढ़ी की पहली ट्रेन हाल में मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलाई गई थी। सरकार का देश की आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर 75 वंदे भारत ट्रेन चलाने की योजना है। पूर्व रेलवे ने इसका संभावित टाइम टेबल तैयार किया है। इसके मुताबिक यह हावड़ा से सोम, मंगल, गुरु, शुक्र, शनि और रविवार को रवाना होगी। यह हावड़ा स्टेशन से सुबह 5:55 बजे चलेगी। 13:45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंच जाएगी। वापसी में यह न्यू जलपाईगुड़ी से 14:50 बजे रवाना होकर, हावड़ा रात में 22:40 बजे पहुंच जाएगी। नई वंदे भारत ट्रेन में ऑटोमेटिक दरवाजे, एयर कंडीशनर कोच और घूमने वाली कुर्सी है। इस कुर्सी को 180 डिग्री तक घुमाया जा सकता है। यह ट्रेन अधिकतम 180 किमी की रफ्तार से चल सकती है। इसे सुरक्षा कवच से भी लैस किया गया है। ट्रेन में जीपीएस आधारित सूचना सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, वैक्यूम आधारित बायो शौचालय हैं। इसे कई हाईटेक तकनीक से लैस किया गया है। इसमें सफर करने पर थकान बिल्कुल भी नहीं होगी। अभी देश में छह वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही हैं। इस कार्यक्रम में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह दिन आपके लिए तकलीफ भरा है। आपकी मां यानी हमारी भी मां। ईश्वर आपको शक्ति दें कि आप अपना काम जारी रख सकें। मेरा अनुरोध है कि आप कुछ समय आराम भी करें। ममता बनर्जी ने कहा, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं। दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। मां से बढ़कर कुछ और नहीं हो सकता। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से कार्यक्रम को छोटा करने की अपील की। ममता ने कहा, प्रधानमंत्री जी आज आपके लिए बहुत दुखद दिन है। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी कि आपको यह दुख सहन करने की क्षमता दे। मैं आपसे अनुरोध करूंगी कि आप इस कार्यक्रम को छोटा रखें, क्योंकि आप अभी अपनी मां के अंतिम संस्कार से आए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने सन्देश में कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। मोदी जी ने मातृ देवो भव: की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूँ। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं! इनके अलावा अमित शाह, मल्लिकार्जुन खडगे, लाल कृष्ण आडवाणी, राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने ट्वीट करके प्रधानमन्त्री की माँ को श्रद्धांजलि दी। अपने सम्बोधन के आरम्भ में मोदी ने कहा, बंगाल की पुण्य धरती को नमन। निजी कारणों से आपके बीच नहीं आ पाया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। रेलवे और मेट्रो के साथ कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है। वंदे भारत ट्रेन के लिए आप सबको बधाई। ममता बनर्जी ने बंगाल के लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहा, ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से कहा माननीय प्रधानमंत्री जी, मैं आपकी आभारी हूँ कि आपको यहां आना था, लेकिन अपनी माताजी के निधन के चलते आप नहीं आ पाए, फिर भी आप वर्चुअल तरीके से इस कार्यक्रम से जुड़े। पश्चिम बंगाल के सभी लोगों की तरफ से मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगी कि आपने वंदे भारत ट्रेन यहां लॉन्च की। मोदी ने बंगाल में कल 7,800 करोड़ रुपए से ज्यादा के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। इनमें कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के जोका-तारातला फेज का उद्घाटन और राज्य के चार रेल प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। प्रधानमन्त्री ने बंगाल में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट की शुरूआत की। वहां 334.72 करोड़ रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यह काम 2025 तक पूरा किया जाना है। प्रधानमन्त्री ने 990 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत सात सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इन प्रोजेक्ट्स से पश्चिम बंगाल में 200 एमएलडी से ज्यादा की सीवेज ट्रीटमेंट कैपेसिटी बढ़ जाएगी। इसके साथ ही 1585 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत विकसित किए जाने वाली 5 सीवरेज प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी गई। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान का उद्घाटन भी हुआ, जिसे लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से कोलकाता के डायमंड हार्बर रोड के जोका में विकसित किया गया है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"दान" "सद्भाव" "परमार्थ" "प्रेम"

दान की, सद्भाव की, परमार्थ की और प्रेम की,
प्रेरणा देती हो जो अच्छी वही है जीवनी।
जिन्दगी चलती है 'उत्सव' एक किस्से की तरह,
मौत आएगी कहानी खत्म करके जाएगी।

# खतौली में जैन समाज ने बाजार बन्द कर निकाली रैली, ज्ञापन सौंपा

खतौली, 30 दिसंबर (बु.)। केन्द्र व झारखंड प्रदेश सरकार द्वारा जैन तीर्थ क्षेत्र व अनन्त भगवानों की निर्वाण व तपस्थली सम्मेद शिखर जी को पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने के विरोध में सकल जैन समाज के आह्वान पर नगर के बाजारों को बन्द रख नगर मे एक विशाल रैली निकालकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जैन तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी को केन्द्र व झारखंड प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने की घोषणा को लेकर जैन समाज में लगातार भारी रोष बना हुआ है, जिसको लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सकल जैन समाज व जैन युवा संगठनों के आह्वान पर शुक्रवार को प्रात: काल से ही नगरी क्षेत्र के सभी बाजारों में प्रतिष्ठान अधिकांश रूप से बन्द रहे। इसके पश्चात कार्यक्रम के अनुसार दिन निकलते ही नगर के बड़ाबाजार स्थित जैन मन्दिर सराफान पर जैन समाज के स्त्री-पुरूषों सहित युवा वर्ग की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। इसके पश्चात जैन मन्दिर से ऐतिहासिक विशाल रैली प्रारम्भ हुई। रैली में शामिल जैन बन्धु जहां सिर पर सफेद टोपी लगाये हुए हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर व जैन ध्वज लेकर चल रहे थे। वहीं हमारी मूल कमल का फूल, जो हमारा साथ देगा उसके साथ समाज रहेगा, भाजपा हाय-हांय, तीर्थ क्षेत्र की हम करेंगे। केन्द्र व झारखंड सरकार मुर्दाबाद तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारेबाजी कर रहे थे। रैली में जहां हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग बच्चें भी हाथों में जैन ध्वज लेकर नारेबाजी के माध्यम से अपने विरोध का स्वर बुलन्द करते दिखायी दिये। रैली बडा बाजार इन्द्रामूर्ति, घन्टाघर, सरदार पटेल चैक, जानसठ तिराहे होती हुई कोतवाली पहुंची, जहां रैली में जुटे अपार जनसमूह द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता को बनाये रखने की मांग करते हुए अपनी आवाज बुलन्द की। इस दौरान सकल जैन समाज की ओर से उप-जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी को सरकार द्वारा पर्यटन स्थल क्षेत्र घोषित किये जाने के निर्णय को तत्काल वापिस लिये जाने की मांग की गयी तथा मांग पूरी न होने पर जैन समाज द्वारा अहिंसक रूप से अनशन प्रारम्भ करने की चेतावनी दी गयी। सकल जैन समाज द्वारा सरकार के निर्णय के विरोध में आहूत रैली में जहां लोगों का अपार सैलाब दिखायी दिया, वहीं जैन समाज ही नहीं सर्वसमाज के अधिकांश संस्थान पूर्ण रूप से निर्धारित समय दोपहर तक बन्द रहें। रैली को लेकर क्षेत्रीय विधायक मदन भैया ने भी नगर में पहुंचकर जैन समाज की मांग को समर्थन देने की घोषणा की।

# मालवीय जयंती पर मेधावी का हुआ सम्मान



मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। महान स्वतंत्रता सैनानी, शिक्षाविद, भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी बच्चों के साथ समाज के जिम्मेदार लोगों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नई मंडी में संपन्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र भारद्वाज का आयोजकों के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम एवं मालवीय जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने संगठन द्वारा कार्य किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में सर्व ब्राह्मण महासभा निरंतर कार्य करता रहता है, जिसके लिए महासभा पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीभगवान शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को इस तरह के आयोजनों की जरुरत है, इससे बच्चों का आगे बढ़ने की प्रेरणा के साथ ही कुछ कर गुजरने का भी हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, अरविन्द राज शर्मा, राजीव शर्मा डीजीसी, मनोज शर्मा, विनोद शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अमित वत्स ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार जताया।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी आनंदीबेन पटेल के स्वर्गवास एवं जय शर्मा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप शर्मा, अमित वत्स, हरीश गौतम, लक्ष्मण शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुबोध शर्मा, प्रमोद शर्मा, अंशुल शर्मा, आदेश शर्मा, अविनाश भारद्वाज, अखिलेश शर्मा, रजनीश वशिष्ठ, अभिनव मुद्गल, अमित शर्मा, अमित शास्त्री, सभासद पूनम शर्मा, विशाल शर्मा, संजय गौतम, संजय मिश्रा, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, अंकुर शर्मा, संजय गौतम, कमल कांत शर्मा, भानु शर्मा, डॉ. योगेश शर्मा, निशा शर्मा, विशाल, कपिल, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, सचिन मुद्गल, आशीष शर्मा, नरेश शर्मा, ललित भारद्वाज एड, नरेंद्र शर्मा आदि का योगदान रहा।

# अब व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त: संजय मित्तल

## -संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने दिया मार्किट एसोसिएशन को समर्थन



मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। एसडी कॉलेज मार्किट के मामले में प्रशासन के नोटिस के बाद व्यापारियों में मंथन शुरू होने के साथ उनके समर्थन में विभिन्न संगठनों के आने का क्रम शुक्रवार को भी जारी रहा। शंक्रवार को इस कड़ी में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल इकाई से जुड़े व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि एसडी कॉलेज मार्किट एसोसिएशन के साथ हैं और उनके हर संघर्ष में पूर्ण रूप से व्यापार मंडल का समर्थन है। शुक्रवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की जनपद इकाई के चेयरमैन अशोक बाटला, अध्यक्ष संजय मित्तल व महामंत्री प्रमोद त्यागी समेत अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों ने एसडी कॉलेज मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री को लिखे पत्र में कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है कि एसडी कॉलेज मार्किट एसोसिएशन के साथ जो प्रकरण चल रहा है, इसमें संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल उनके साथ हर संघर्ष में साथ में खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वें प्रशासन के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखें, नगर में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो पूरे जनपद के व्यापारियों को एकजुट किया जाएगा। एसडी कॉलेज मार्किट में चल रहे प्रकरण को लेकर शुक्रवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में अधिकांश व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई में जिले का व्यापारी चाहते हैं कि मार्किट एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रशासन के सामने अपना पक्ष रखें। पक्ष न रखने के कारण बेवजह गुनहगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल, अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री प्रमोद मित्तल, चेयरमैन अशोक बाटला, संयोजक विश्वदीप गोयल, राहुल गोयल, सदस्य स्वराज वर्मा समेत अनेक व्यापार मंडल के पदाधिकारी व स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।





# व्यापारियों द्वारा सम्मान करने पर आभार व्यक्त किया



मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. के प्रदेश मंत्री सरदार बलविंद्र सिंह के रुड़की रोड स्थित प्रतिष्ठान पर प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी, संयुक्त महामंत्री पवन वर्मा, नगर उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंघल द्वारा नवनियुक्त जिला बार संघ अध्यक्ष अनिल जिंदल, महामंत्री जितेंद्र सिंह के साथ ही पूर्व महामंत्री सुरेंद्र मलिक, एड. ठाकुर कंवरपाल, एड. ब्रज बंधु सैनी, एड. उमेश गुप्ता, एड. प्रवीण कुमार, एड. फराज खान का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह ने कहा कि आज संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नवनियुक्त जिला बार संघ पदाधिकारियों का स्वागत किया जा रहा है। व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण में जिला बार संघ के पदाधिकारियों का हमेशा सहयोग रहता है। नवनियुक्त जिला बार संघ अध्यक्ष अनिल जिंदल व महामंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा व्यापार संगठन के समस्त पदाधिकारियों का उनका सम्मान करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अमन सिंह, सुनील शर्मा, सौरभ मित्तल, निक्की, दीपक, दलजीत सिंह, रोहित, करण, तरुण मित्तल आदि अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पारिवारिक सभा का आयोजन नववर्ष धमाका के रूप में मनाया

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर मेन शाखा द्वारा दिसंबर माह की पारिवारिक सभा का आयोजन नववर्ष धमाका के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हर्षवर्धन जैन प्रांतीय सचिव सेवा व शाखा संरक्षक, संजय मिश्रा व्यापारी नेता,अशोक कुमार सिंघल प्रांतीय चेयरमैन सर्व शिक्षा अभियान, शाखा अध्यक्ष मनीष गर्ग, शाखा सचिव विनीत गुप्ता,शाखा कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार गुप्ता, महिला संयोजिका डॉ. रश्मि विनायक द्वारा भारत माता, श्री विवेकानंद व डॉ. सूरज प्रकाश की फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने वंदे मातरम का सामूहिक गान किया। कार्यक्रम में मनोज शर्मा के बहनोई तथा भारत शर्मा का माल्यार्पण व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ नव्या सिंघल के भजन से हुआ। कैसियो पर शौर्य अग्रवाल ने एक मधुर गीत की धुन सुनाई। कार्यक्रम में डॉ. अंजलि गर्ग, डॉ. रश्मि विनायक, अनिल कुमार शर्मा ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में नवनीत गुप्ता ने चुटकुले सुनाए। डॉ. बृजेश अत्रेय ने पैरोडी व भजन सुनाएं। सुनीता शर्मा ने सुंदर भजन और नववर्ष पर कविता पाठ किया तथा मोहनलाल ने चुटकुले सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में गायक कुशल ने पुराने सुंदर गीत सुनाए। प्रांत से छात्र प्रतिभा सम्मान के पुरस्कार शिवम गर्ग, शुभंकर गर्ग, शौर्य अग्रवाल, तनुश्री मिश्रा को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शशिकांत कौशिक, बृजमोहन शर्मा, डॉ. बृजेश आत्रेय, मोहनलाल, डॉ. दीपक गर्ग, नीरज सिंघल, पुरुषोत्तम दास सिंघल, राजकुमार गुप्ता, डॉ. राहुल कुशवाहा, राजकुमार गर्ग, ओडी शर्मा, अनिल शर्मा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन भारत भूषण ने किया। शाखा संरक्षक हर्षवर्धन जैन ने कहा हिंदुओं का नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है, परंतु विश्व में 1 जनवरी को मनाया जाता है, इस वजह से हम इसे रहे हैं।अध्यक्ष मनीष गर्ग ने सभी का आभार प्रकट किया। सभा का समापन सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

# नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया



मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार सुरक्षा संगठन की अति आवश्यक बैठक गांधी कॉलोनी प्रदेश कार्यालय पर बुलाई गई, जिसमें व्यापारी बंधु समस्त पदाधिकारि उपस्थित रहे। आज इस बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य संरक्षक सतपाल सिंह मान, प्रदेश अध्यक्ष सुनील ग्रोवर ने संयुक्त रूप में कहा कि उस माता को देशवासियों और व्यापार मंडल की ओर से शत-शत नमन, जिन्होंने उन्होंने ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री को जन्म दिया, जो देश के सफल संचालन के साथ संसार के नेता के रुप में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे दुख के समय में प्रधानमंत्री ने अपना बेटे होने का धर्म भी निभाया और राष्ट्र निर्माण में पूरा योग दान दे रहे हैं। प्रदेश संयोजक सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि देश प्रेम, राष्ट्रभक्ति, ईमानदारी और मानवसेवा का जज्बा एक माता जी के आशीर्वाद से ही संभव हो सकता है। उस दिवंगत आत्मा को हमारा शत-शत नमन। शोक सभा में सुनील ग्रोवर, सतपाल सिंह मान, सुरेंद्र मित्तल, विवेक चुग, पंडित चमनलाल कुकी, अमित सपल, आशीष शर्मा, गोरव गुप्ता, सचिन शर्मा, देव भारद्वाज, नमन कुच्छल, दीपक शर्मा, अमन कुच्छल, सचिन मित्तल, सतीश मलिक, मोहम्मद सलीम, गोविंद स्वरूप, अमित धीमान, अशोक कोशिक, योगेश शर्मा गैस वाले आदि उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी की माताजी के निधन पर भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

खतौली, 30 दिसंबर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी के आकस्मिक निधन पर भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। मिली जानाकरी के अनुसार शिवलोक मार्किट स्थित पूर्व भाजपा जिला मंत्री मदन छाबड़ा के कैम्प कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता स्व0 हीराबेन मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से पुनीत आत्मा को शान्ति की याचना की गयी। शोकसभा में भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, मदन छाबड़ा, राकेश प्रजापति, रविग्रोवर, रजत जैन, प्रमोद शर्मा एड., ऋषभ जैन, अजय मुर्जी, मोनू, वीरेन्द्र जैन, गुरूदत्त अरोरा, सुन्दर धारीवाल, उमेश कुमार, विनीत ठाकुर, अमित त्यागी, मनोज सैनी, आदेश, श्याम रहेजा, सुमित रहेजा आदि भाजपाई मौजूद रहे।

भारतीय इण्टर कॉलेज, नंगले मन्दौड़ (मु.नगर)

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय इण्टर कॉलेज नंगले मन्दौड (मुजफ्फरनगर) के आम के चार पेड़ों की नीलामी जि.वि.नि. मुजफ्फरनगर के पत्रांक मा.– 1/9164–65/2022–23 दिनांक 09.12. 2022 के अनुपालन में दिनांक 03.01.2023 को अपराह्न 02:00 बजे विद्यालय के चौ. चरण सिंह हाल में पेड़ नीलामी हेतु गठित उप समिति द्वारा की जायेगी। पेड़ खरीद के इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी के नियम एवं शर्तें विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं, जिन्हें विद्यालय के समयान्तर्गत किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

*प्रबन्धक / सदस्य उपसमिति*
*भारतीय इण्टर कॉलेज नंगले मन्दौड़ (मु.नगर)*



# दूध के पैसों को लेकर मारपीट, अस्पताल रैफर

पुरकाजी, 30 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव फलौदा में बृहस्पतिवार की रात्रि दूध के पैसों को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी थी, जिसमें एक पक्ष की युवती छवि आंख पर चोट लगने के कारण घायल हो गयी थी। मौके पर पहुँची पुलिस ने युवती को पुरकाजी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया था, जहां से युवती को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को घायल युवती की तहरीर पर दूसरे पक्ष के दो सगे भाईयों अंकित व विवेक के विरूद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती नई पेंशन योजना लागू न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई के आह्वान पर विकास क्षेत्र सदर के टीचर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने बीआरसी बिलासपुर पर प्रदेश के मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर ध्यान चन्द के माध्यम से प्रेषित किया। इस अवसर पर सदर ब्लॉक अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि अगर हमारी मांग 15 जनवरी तक पूरी नहीं होती तो अपने अधिकारों की मांग को लेकर आगामी 18 जनवरी को सभी शिक्षक व कर्मचारी वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय पर धरना देंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव बालियान, पूर्व मंडल अध्यक्ष कंवरपाल बालियान, उपाध्यक्ष आदेश शर्मा, ब्लॉक मन्त्री कृष्ण कुमार शमी, ब्लाक कोषाध्यक्ष अलंका रंजन, दीपा सिंघल, रईसुद्दीन राणा, अल्ताफ रहमान, नाथीराम, दिवाकर शर्मा, अनिरुद्ध उपमन्यु, अनिल कुमार, श्वेता भारद्वाज, रीनू, मोनिका, शहजाद अली, डॉ. फरुखा, शिव कुमार, अंकुर गर्ग, अलका अग्रवाल, गजाला, मीनाक्षी, सय्यद हुसैन, प्रशांत आर्य, अनवर सुततान, अमजद सैफी, विपिन कुमार, सुधीर कुमार, श्याम कुमार, प्रीति, अश्वनी कुमार, ललित लाल लहरिया, लोकन्द्र, मीनू चौधरी, प्रीति, नूरजन, प्रदीप रेई, प्रतिभा चन्देल, प्रवीण वमी, नीतू आदि सैकडों शिक्षक मौजूद रहे।

# मां हीराबेन की आत्मशान्ति व सद्गति हेतु नवाह्न परायण का सुफल अर्पित किया

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। श्री अद्वैत स्वरुप आश्रम नंगली कुटिया गान्धी कॉलोनी में गत 22 दिसम्बर से चल रहे श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण सामूहिक पाठ के नवम दिवस पाठ के विश्राम के उपरांत पाठ में उपस्थित समस्त समुदाय ने आश्रम में उपस्थित हनुम्द्धाम पीठाधिश्वर महामन्डलेश्वर पूज्य केशवनानद सरस्वती, पूज्य बाई जी, सन्त बेअन्त पुरी, सन्त विश्वास पुरी, सन्त शिव पुरी, महात्मा सर्वानन्द, पंडित बृज लाल शास्त्री, पाठ संचालक पवन सिंह पुन्डीर, व राज कुमार अग्रवाल के साथ नरेंद्र मोदी की माता श्रीमति हीरा बेन के देहावसान पर उनकी आत्मा की शान्ति एवं सदगति हेतु नवाह्न परायण पाठ से प्राप्त सुफल को सजल नयनो से अर्पित किया तथा श्रीराम नाम की माला के सामूहिक गान के साथ ही आयोजन निर्विघ्न संपन्न हुआ। व्यास पीठ से पन्डित बृज लाल शास्त्री, राज कुमार अग्रवाल व पवन सिंह पुन्डीर द्वारा रामायण पाठ के सार गर्भित आशीर्वचन दिये गए। पूज्य बाई द्वारा सभी उपस्थित समुदाय का धन्यवाद किया गया तथा सभी पर श्री गुरु महाराज की कृपा का आशीर्वाद दिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक व समन्वयक प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया कि अगला सामूहिक नवाह्न पारायण श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर गान्धी कॉलोनी में आगामी जून माह में आयोजित होगा। नववर्ष के उपलक्ष्य में सुन्दरकाण्ड कृतयज्ञता पाठ श्रीसिद्धबली धाम कोटद्वार में 1 जनवरी रविवार को प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। पाठ के उपरांत भंडारा भी होगा।







# टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सलिल वत्स

ब्रज मोहन महासचिव व अमित तायल बने कोषाध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। टैक्स बार एसोसिएेशन की वर्ष-2023 की शुक्रवार को संपन्न हुई आम सभा में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। टैक्स बार की संपन्न हुई आम बैठक में अधिवक्ताओं की मौजूदगी में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा किए जाने के साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। टैक्स बार एसोसिएशन की आम सभा का आयोजन शुक्रवार को नगर के रुड़की रोड स्थित एक रेस्टोरेंट पर किया गया। इस बैठक में चुनाव अधिकारी आरके शर्मा एडवोकेट के की देखेरेख में टैक्स बार एसोसिएशन वर्ष-2023 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में टैक्स बार के वरिष्ठ अधिवक्ता सलिल वत्स को अध्यक्ष, ब्रज मोहन को महासचिव बनाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ नई कार्यकारिणी में अमित तायल को कोषाध्यक्ष व उपाध्यक्ष आयकर रमेश चन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष जीएस टी रविशंकर अग्रवाल, सचिव आयकर शलभ गर्ग, सचिव जीएसटी अभिलाष कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नवनीत कुमार गर्ग, मनीष कुमार गुप्ता, महेश शर्मा, हरीश अरोरा, निधिश गुप्ता, रीना गोयल व अनुज कुमार सैनी के नामों की घोषणा की गई। आम सभा की अध्यक्षता शलभ कौशिक एडवोकेट एवं संचालन नवीन गोयल एडवोकेट द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा, रोहिताश कर्णवाल, राजीव गुप्ता, प्रवीण कुमार, दीपक शर्मा, अंकुर सैनी, अशोक खन्ना, कृष्ण कुमार, नमन मित्तल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि., सहारनपुर

पत्रांक : 8621/24एम.एस.–एस.(मुजफ्फरनगर)/22 दिनांक : 23 – दिसम्बर – 2022

*अल्प कालीन ई-निविदा सूचना*

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदियें http://etender.up.nic.in के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी एवं सी (जैसा लागू हो) (कॉलम–8 के अनुसार) मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टैण्डरिंग के माध्यम से टी.–2 द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित बिड नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे – कॉन्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्रों, कॉन्ट्रेक्ट की शर्तें, तकनीकी विशिष्टियाँ एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि) की भली भांति जाँच कर लें।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित, टेण्डर कॉस्ट+स्टेशनरी चार्ज+जी.एस.टी.) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मु.नगर | जनपद मुजफ्फरनगर में कैराना खतौली मोरना मार्ग के किमी–52 में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1 गुणा 8 मी. स्पान की बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 58.00 | 4.90 | 06 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए. बी.सी. |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करों को जोड़ते हुए तथा जी.एस.टी. को छोड़ते हुए लगाई गई है।
- निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं. 5 एवं 7 के अनुसार) ऑनलाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात यू.टी.आर. प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
- कोविड–19 महामारी से रोकने से सम्बन्धित सभी उपाय अपनाते हुए समस्त कार्य सम्पादित कराये जाने अनिवार्य होंगे।
- शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस–7–2020–176(सा)/06 दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 04.01.2023 को प्रात: 11:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 10.01.2023 की सायं 05:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 11.01.2023 को अपराह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडे कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई.टी./2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरांत निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- धरोहर धनराशि शासनादेश संख्या 622/23–12–2012–2 आडिट/08 टी.सी.–2 दिनांक 08–06–2012 एवं कार्यालय प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. लखनऊ के पत्रांक 01/बी.डी.डी.–एन.एच./40 एम.टी.–11/14 दिनांक 01.01.15 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

*अधिशासी अभियंता*
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., मुजफ्फरनगर,
pdpwdmzn@gmail.com

*अधीक्षण अभियंता*
सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि., सहारनपुर,
sesrepwd@gmail.com

upinformation@nic.in, www.upidadv.gov.in आर.ओ. संख्या – 183657 सू. एवं ज.सं.वि. – (विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक – 28/12/2022

# 1 निरीक्षक और 30 दरोगाओं का तबादला

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** एसएसपी ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। गुरुवार रात एसएसपी विनीत जायसवाल ने एक इंस्पेक्टर और 30 सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इनमें कई पुलिस चौकी प्रभारी भी शामिल है। एसएसपी विनीत जायसवाल ने गुरूवार को आदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने इंस्पेक्टर अनुराग गौतम को पुलिस लाइन से क्राइम ब्रांच भेज दिया।
एसएसपी ने जेल चौकी प्रभारी अनिल कुमार को गांधी कॉलोनी और गांधी कॉलोनी चौकी प्रभारी तपन जयंत को जेल चौकी का प्रभार सौंपा है। कस्बा चरथावल चौकी प्रभारी आशुतोष सिंह को चौकी भंडूर प्रभारी बनाया है, जबकि थाना खतौली में तैनात सब इंस्पेक्टर नंदकिशोर शर्मा को प्रभारी चौकी दधेडू बनाया गया है। वहीं एसएसआई थाना चरथावल संजय आर्य को प्रभारी चौकी कस्बा चरथावल और बसेडा चौकी प्रभारी संजय राजपूत को कस्बा मीरापुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने कस्बा खतौली चौकी प्रभारी सुनील कसाना को प्रभारी चौकी गढ़ी सखावत थाना बुढ़ाना और सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को चौकी कुटबा थाना शाहपुर का चार्ज सौंपा है। थाना मंसूरपुर में तैनात सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र सोलंकी को प्रभारी चौकी पमनावली बनाया गया है। थाना तिताबी से मोहित चौधरी को कस्बा खतौली चौकी प्रभारी बनाया गया है। शहर कोतवाली में तैनात हरीश राघव को भूड़ चौकी प्रभारी बनाया गया है। जबकि थाना ककरौली में तैनात हरीश कुमार को थाना रामराज भेजा गया है। गढ़ी सखावत चौकी प्रभारी संजय सिंह को एसएसआई थाना सिखेड़ा बनाया गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात महेंद्र सिंह को थाना ककरौली भेजा गया है। सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी सराय थाना मंसूरपुर बनाया गया है। जबकि मीरापुर कस्बा चौकी प्रभारी विजय शर्मा को थाना मंसूरपुर भेजा गया है। सीकरी चौकी प्रभारी रेशम पाल सिंह को एसएसआई थाना चरथावल बनाया गया है।

## कारोबारी से करोड़ों की ठगी, 6 नामजद

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** एक कारोबारी से करोड़ों रुपयों की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए, जिस पर पुलिस ने 6 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सरवट निवासी मोहसीन अहमद पुत्र शरीफ अहमद ने बताया कि वे विभिन्न कंपनियों को लोहा सप्लाई का कार्य करते हैं। लद्धावाला निवासी मौहम्मद आसिफ ने उनसे 22 लाख 81 हजार 554 रुपए का लोहा लिया था, जिसमें 7 लाख 41 हजार 554 रुपये बकाया हैं। इसी प्रकार मोहम्मद नियाज ने 17 लाख 64 हजार 245 रुपए का लोहा लिया था। वसीम त्यागी ने 56 लाख 88 हजार 675 रुपये का लोहा लिया। मौहम्मद शाहनवाज ने भी कई लाख रुपयों का लोहा लिया। पीड़ित ने असारोप लगाया कि आरोपी उसकी रकम वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्लाट दिलाने के नाम पर व्यापारी से 15 लाख हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** एक व्यापारी से प्लाट दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए हड़प लिये गये। पीड़ित ने नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में लालबाग गांधी कॉलोनी निवासी राजीव तेवतिया पुत्र स्व. नवाब सिंह ने बताया कि वह अपना व्यापार करता है। व्यापार के सिलसिले में उसकी जान पहचान पंजाब के सास नगर निवासी राकेश वर्मा पुत्र बालराम वर्मा से हुई थी, जिसने उसे मुनीम कॉलोनी में एक प्लॉट दिखाकर प्लाट का सौदा किया था। 28 जुलाई 2015 को उसने आरोपी को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से 15 लाख रुपए दे दिये थे, लेकिन आरोपी ने प्लाट का बैनामा उसके नाम नहीं कराया। पीड़ित आरोपी से लगातार प्लाट का बैनामा कराने की मांग करता रहा, लेकिन आरोपी ना नकुर करता रहा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 29 नवम्बर, 2022 को आरोपी ने उसे पैसे लौटाने से स्पष्ट इंकार कर दिया और धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## किसान नेताओं ने शहीद के परिजनों से की मुलाकात

**भोपा, 30 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी किसान चौधरी उदयवीर सिंह के एकलौते पुत्र लोकेश सहरावत स्पोर्ट्स कोटे से 2013 में मध्यप्रदेश के जबलपुर में 25 ग्रेनेडियर में सैनिक के पद पर भर्ती हुई थी और उनकी पोस्टिंग वर्तमान में नार्थ सिक्किम में थी। बीते 23 दिसंबर को सिक्किम में हुए बड़े सड़क हादसे में लोकेश सहरावत शहीद हो गए थे। बीते रविवार की सुबह उनके पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था। शुक्रवार को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह, संगठन महासचिव धर्मवीर सिंह, गुजरात के निलेश भाई, प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह राठी, भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, भोकरहेडी के अजय कुमार,चौधरी राकेश सिंह, डॉ.राजेन्द्र सिंह,धर्मपाल सिंह,अश्विनी कुमार आदि गांव में पहुंचे तथा घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए शहीद के परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान शहीद के पिता उदयवीर सहरावत, चाचा सतीश सहरावत, विकास कुमार, विभोर चौधरी, विकास कुमार, रणधीर सिंह ,प्रधान राजेन्द्र सिंह,बलराम, मनोज,सन्नी , अनुराग, हरीश, मनीष, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## दो कारों की टक्कर में तीन युवक घायल

**खतौली, 30 दिसंबर (बु.)।** देर रात्री जानसठ रोड़ स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर दो कारों की आमने सामने भिडन्त में तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती गांव शेखपुरा निवासी हिमांशु, नितिन व मोनू गांव से कार द्वारा मेरठ अपनी बहन को लेने गये थे। बताया जाता है कि मेरठ से वापस आते हुए उनकी वैगनआर कार जब खतौली में जानसठ रोड़ स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंची तो उसी दौरान वैगनआर की सामने से आ रही एक इको कार से टक्कर हो गयी, इको कार खतौली शुगर मिल में तैनात हरेन्द्र सिंह शीरा इन्सपैक्टर की बतायी जाती है। दुर्घटना में वैगनआर कार सवार हिमांशु व नितिन घायल हो गये, जबकि मोनू को मामूली चोट आयी। पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गम्भीर रूप से घायल नितिन को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

## ज़ान पर खेल छात्र ने गंगनहर में कूदकर बचाई महिला की जान

**मेरठ, 30 दिसंबर (वार्ता)।** जानी गंगनहर पुल से गंगनहर में कूदी महिला को 12वीं के छात्र आकाश ने अपनी जान पर खेलकर बचा लिया। कड़-कड़ाती ठंड में आकाश ने महिला को गंगनहर से सही सलामत बाहर निकाल लिया। गांव नेक निवासी आकाश पुत्र सुरेश गुजर रहा था तो तभी उसने महिला को गंगनहर में डूबते देखा तो जान की परवाह किए बगैर गंगनहर में छलांग लगा दी। इसके बाद कुछ ही देर में आकाश सही सलामत महिला को निकाल लाया। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## दो हरियाणवियों ने बचाई पंत की जान

**पानीपत।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत रुड़की के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। ऋषभ पंत की जान बचाने में मौके पर मदद करने वाले दो हरियाणवियों का खास योगदान रहा। जो हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे। हरियाणा रोडवेज के पानीपत डिपो के चालक व परिचालक ने मौके पर समझदारी दिखाते हुए ऋषभ पंत की जान बचाई। उन्होंने ऋषभ को कार से बाहर निकाला और उसको अस्पताल में भिजवाया। पानीपत रोडवेज जीएम कुलदीप जागड़ा ने चालक सुशील कुमार व परिचालक परमजीत को सम्मानित किया है।

## तहसील में भिड़े वकील, खून से लथपथ हुई महिला अधिवक्ता

**बागपत, 30 दिसंबर (वार्ता)।** बागपत तहसील में शुक्रवार दोपहर के समय हंगामा खड़ा हो गया। यहां क्लाइंट को लेकर महिला व पुरुष अधिवक्ता में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों अधिवक्ता आपस में भिड़ गए। वहीं जहां बीच-बचाव कराने पहुंचे सीओ के सामने भी काफी देर तक जूतम-पैजार होती रही। इसमें एक महिला अधिवक्ता घायल हो गई।

## मस्जिद कोई केक नहीं कि कहीं भी उठा ले जाएंगे

**मथुरा, 30 दिसंबर (वार्ता)।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले को लेकर चल रहे विवाद के बीच शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डा. जेड हसन ने शुक्रवार को कहा कि मस्जिद खुदा का घर है, कोई केक नहीं है, जो कहीं भी उठाकर ले जाएंगे। ये हमारी जागीर भी नहीं है, जो हम अदला-बदली कर लेंगे। मामले को लेकर निर्णय जनता करेगी। तीन दिन पहले लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा गया था कि हम श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह का विवाद न्यायालय के बाहर वार्ता के जरिए सुलझाने को तैयार हैं। इसके लिए वह मुस्लिम और हिंदू पक्ष से बैठकर वार्ता करेंगे। वह चाहते हैं कि बाहर ही वार्ता के जरिए विवाद हल हो। इस पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में न्यायालय में वादी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा था कि हम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कह चुके हैं कि मुस्लिम पक्ष शाही मस्जिद ईदगाह छोड़ दे, हम ब्रज चौरासी कोस से बाहर उन्हें ढाई गुना जमीन ईदगाह के लिए दे देंगे। वहीं एक अन्य वादी अखिल भारत हिंदू महासभा के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि वह मेवात में ईदगाह के बदले दस एकड़ जमीन देने की बात कही थी। इस बयान के जवाब में डा. हसन ने शुक्रवार को कहा कि ये ईदगाह है कोई केक नहीं, जो कहीं भी उठाकर ले जाएंगे। ये अल्लाह का घर है। हमें जरूर देखरेख करते हैं, लेकिन मालिक नहीं हैं। हमसे भी ऊपर जनता है। जनता इसका निर्णय लेगी।

## परिषदीय स्कूलों में 15 दिन में न साफ हुए शौचालय तो कार्रवाई तय

**लखनऊ, 30 दिसंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश शासन ने परिषदीय स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त न होने पर नाराजगी जताई है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने सभी डीएम को निर्देश दिए हैं कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 15 दिन के भीतर शौचालय की व्यवस्था ठीक कराएं। दरअसल बीते दिनों समीक्षा में पता चला था कि कई स्कूलों में शौचालय तो बने हैं, लेकिन उनमें ताला बंद रहता है। सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इसे देखते हुए ये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों की स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में भी सफाई की जिम्मेदारी है।

## यूपी के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा के सेवा विस्तार को मिली मंजूरी

**लखनऊ, 30 दिसंबर (वार्ता)।** यूपी के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा को दूसरा सेवा विस्तार दे दिया गया है। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा को 31 दिसंबर 2022 तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया था। शासन के सूत्रों के मुताबिक प्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव के लिए तीन अधिकारियों का पैनल केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग को भेजा गया था। लेकिन, प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बीच केंद्र ने दुगार्शंकर मिश्रा को ही सेवा विस्तार देना तय किया। यह पहला मौका है जब मुख्य सचिव को लगातार दूसरी बार सेवा विस्तार मिला है।



रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान चलाती डॉग स्क्वायड टीम के साथ जीआरपी

# नववर्ष पर शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर एसएसपी

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नववर्ष पर हुडदंग मचाने वालों को चेतावनी देते हुए साफ कहा कि यदि नववर्ष पर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर सड़क पर घूमता या अत्याधिक गति से वाहन चलाता हुआ मिला तो उसको तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नववर्ष के मौके पर जगह-जगह बैरियर लगाकर पुलिस द्वारा चैकिंग की जायेगी और एलआईयू टीम भी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगी। उन्होंने जनपदवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष पर ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे अन्य किसी को कोई परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और माहौल खराब करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा न हीं जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आज जनपदवासियों को सर्वप्रथम नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए हुड़दंग मचाने वाले लोगों को सख्त चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि जनपद पुलिस ने नववर्ष पर हुडदंगियों एवं शराब पीकर हंगामा करने एवं वाहन चलाने वालों से निपटने की तैयारी कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नववर्ष के मद्देनजर पुलिस ने हुड़दंगियां एवं माहौल खराब करने वालों से निपटने के लिये बलवा ड्रिल कराई, जिसमें जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के साथ ही राजपत्रित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर हुड़दंगियों एवं शराब पीकर हंगामा एवं वाहन चलाने वालों से निपटने के लिये जनपद में जगह-जगह पुलिस की टीमें तैनात करने के साथ ही पैट्रोलिंग टीमों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई स्थान ऐसा नहीं रहेगा, जहां पुलिस आवश्यकता पडने पर पांच मिनट में न पहुंच सके। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर जगह-जगह बैरियर लगाकर वाहनों को रोका जायेगा और उनकी तलाशी ली जायेगी। साथ ही यह भी चैक किया जायेगा कि चालक ने शराब का सेवन तो नहीं किया है, यदि ऐसा पाया गया तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वह नववर्ष सादगी और उल्लास के साथ मनाएं, किन्तु शराब का सेवन करने एवं ऐसा कार्य करने, जिससे अन्य लोगों को परेशानी हो से बचें। उन्होंने कहा कि यदि आप सक्षम हैं, तो गरीब एवं असहाय लोगों को नववर्ष पर गर्म कपड़े वितरित कर एवं उन्हें मिष्ठान खिलाकर उनके साथ नववर्ष मनायें। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर एंटी रोमियों टीमों को भी पूरी तरह से सतर्क कर दिया गया है। एंटी रोमियों टीमों को यदि कोई शिकायत मिली तो वे तुरंत सहायता के लिये उपस्थित रहेंगी और छेड़खानी या छींटाकशी करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करेंगी। वहीं दूसरी ओर एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि नववर्ष पर हुडदंगियों से निपटने के लिये जनपद पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने कहा कि हाईवे पर स्थित होटलों एवं रिसोर्ट्स पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी और यदि इन स्थानों पर कोई शराब पीता हुआ या हुडदंग मचाता हुआ मिला तो ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। एसपी सिटी ने भी जनपदवासियों से नववर्ष को बेहद सादगी एवं गरीब एवं असहाय लोगों के साथ मनाने की अपील की।

# दिल्ली-एनसीआर में निर्माण कार्य-खनन पर रोक

**▸▸ एनसीआर के सभी राज्यों को ग्रेप तीन की पाबंदियां लागू करने के निर्देश**
**▸▸ मुजफ्फरनगर में आज एक्यूआई 395, ईट भट्टे व उद्योगों पर भी पाबंदी**

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली एनसीआर में ठंड बढ़ते ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। यानी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण को कम करने के लिए एक बार फिर से दिल्ली एनसीआर में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पॉस एक्शन प्लान) का तीसरा चरण लागू कर कर दिया है। अब खनन, निर्माण कार्य सहित कई कामों पर पाबंदियां लागू हो गई हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा एक बार फिर गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। इसके चलते यहां तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। गैर जरूरी निर्माण व तोड़-फोड़ कार्यों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रेप लागू करने के लिए जिम्मेदार उप समिति की बैठक में यह फैसला किया गया और एनसीआर के सभी राज्यों को इसे लागू करने के लिए कहा गया है। दिल्ली में इससे पहले पांच दिसंबर को ग्रेप का तीसरा चरण लागू किया गया था और इसके 25 दिन बाद शुक्रवार को एक बार फिर से इसे लागू किया गया है। इसके तहत गैर अनिवार्य श्रेणी के सभी निर्माण, स्टोन क्रशर, खनन और ऐसी गतिविधियां, ईट भट्टे, औद्योगिक गतिविधियां, ईंधन से चल रहे हॉट मिक्सिंग प्लांट बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

गुरुवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 306 दर्ज किया गया था। वहीं यह आंकड़ा बुधवार को एक्यूआई 321 था। मुजफ्फरनगर में आज एक्यूआई 395 पर रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में था। फरीदाबाद का सूचकांक 346 यानि दिल्ली के मुकाबले अधिक रहा था। सफर का पूवार्नुमान था कि अगले छह दिन तक दिल्ली का प्रदूषण स्तर बेहद खराब श्रेणी में रह सकता है। आने वाले दिनों में धुंध छाए रहने व ठंड बढ़ने से एक बार फिर प्रदूषण स्तर में बढ़त का अनुमान जताया था। सीएक्यूएम ने कई सरकारी और जरूरी प्रोजेक्ट्स पर रोक नहीं लगाई है। जिनमें रेलवे, मेट्रो रेल, एयरपोर्ट और अंतरराज्यीय बस अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा और देश के लिए जरूरी प्रोजेक्ट पर ग्रेप के तीसरे चरण के प्रविधान लागू नहीं होंगे। अस्पताल, हाईवे, फ्लाईओवर, पुल, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर सप्लाई प्लांट पर भी रोक नहीं रहेगी। दूध-डेयरी, दवा सहित अन्य जरूरी चीजों पर बैन नहीं रहेगा।

## डॉग स्क्वायड टीम के साथ जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाया चैकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन पर नववर्ष को लेकर शहर व रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर असामाजिक तत्वों पर जीआरपी व थाना एवं एलआईयू की पुलिस टीम अपनी पैनी नजर बनाए हुए तथा वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी गंभीर भी बनी हुई है। आज जीआरपी थानाप्रभारी संजय कुमार यादव व थाना सिविल लाइन प्रभारी अजय श्रोतिया व आरपीएफ थाना पुलिस एवं इंस्पेक्टर एल आई यू आकाश सक्सेना, व डॉग स्क्वाड टीम ने संयुक्त होकर आज मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया और इस अभियान में संयुक्त टीम ने आगामी नववर्ष के मद्देनजर नजर यह अभियान चलाया हैं। नववर्ष के आगमन को लेकर संयुक्त टीम में जीआरपी थानाप्रभारी संजय कुमार यादव व थाना सिविल लाइन प्रभारी अजय श्रोत्रिया व आरपीएफ थाना पुलिस एवं इंस्पेक्टर एल आई यू.व डॉग स्क्वाड ने सतर्कता बरत हुए रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया और इस दौरान संदिग्ध यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली गई तथा उनके बैग व अन्य सामान की भी जांच की। स्टेशन परिसर में खड़े वाहनों को चेक किया और संयुक्त पुलिस टीम ने यात्रियों से कहा है कि अगर कहीं कोई संदिग्ध वस्तु लावारिस हालत में मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## ममता बनर्जी ने ऐसे दी मोदी को सांत्वना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा, 'आज आपके लिए निजी तौर पर दुखद दिन है, लेकिन आपकी मां यानी हमारी मां।' पीएम मोदी बंगाल जाकर कोलकाता में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करने वाले थे, लेकिन आज तड़के उनकी मां हीराबा का देहावसान हो गया। इस कारण वह वहां नहीं जा सके। हालांकि, पीएम मोदी ने मां को मुखाग्नि देने के कुछ ही समय बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोलकाता-जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ कर अपनी कार्यनिष्ठा व देश के प्रति समर्पण का अनूठा उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में वर्चुअल ढंग से शामिल हुए पीएम मोदी से ममता बनर्जी ने कहा, 'आदरणीय पीएम, आज आपके लिए व्यक्तिगत रूप से एक दुखद दिन है और यह आपके व्यक्तिगत जीवन की बड़ी क्षति है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह आपको शक्ति और आशीर्वाद दे, ताकि आप अपने कार्यों और गतिविधियों से अपनी मां को प्यार कर सकें। मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं, आज आपको पश्चिम बंगाल आना था, लेकिन मां हीराबा के निधन के कारण आप नहीं आ सके और वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम में शामिल हुए।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से अपने कार्यक्रम में कटौती करने और आराम करने का भी अनुरोध किया, क्योंकि वह इस कार्यक्रम के लिए अपनी मां के अंतिम संस्कार के तत्काल बाद शामिल हुए थे। ममता बनर्जी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं आपके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों को अपनी संवेदना और संदेश कैसे दूं, क्योंकि मां का कोई विकल्प नहीं है। पश्चिम बंगाल के लोगों की ओर से मुझे यह अवसर देने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। आपकी मां का मतलब हमारी मां भी है। मैं अपनी मां को भी याद करती हूं।

## 600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर कपिल ने दी सीएम को बधाई

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** मंत्री कपिल देव ने मुजफ्फरनगर के उद्यमियों द्वारा 700 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिलने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी और उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग उठाई। फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले ही प्रदेश को निवेश के प्रस्ताव मिलने प्रारंभ हो गए हैं। इसी कड़ी में जनपद मुजफ्फरनगर के उद्यमियों द्वारा इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश में 700 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। विदित रहे कि हाल ही में 24 दिसंबर को भोपा रोड स्थित प्लासा होटल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। बुधवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर मंत्री कपिल देव ने जनपद के उद्यमियों की निवेश की मंशा तथा उनकी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विकास प्राधिकरण द्वारा इण्डस्ट्रीज की पूरी जमीन पर विकास शुल्क वसूले जाने पर पुनर्विचार करने, प्राधिकरण के गठन से पूर्व संचालित फैक्ट्री, हॉस्पिटल, भवन, बैंकट हॉल आदि पर



मानचित्र संबंधी नियमों में शिथिलता बरतने तथा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के कारण उत्पन्न समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। मंत्री कपिल देव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में स्वावलंबन, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का माहौल बना है, जोकि औद्योगिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपने वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### नींद से जागा प्रशासन

## खंगाल रहा प्राइवेट बस अड्डों की कुंडली

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में जाम की स्थिति से मुक्ति दिलाने की शुरू कवायदों के बीच अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर अंकुश लगाने की पुलिस प्रशासन ने पहल कर दी है। नव वर्ष के स्वागत के बीच व्यवस्थाओं में सुधार की शुरू कवायदों के बीच आलाधिकारियों के निर्देशों के चलते पुलिस कर्मचारी संबंधितों से वार्ता करने के साथ उनसे जुड़े कागजातों को एकत्र करने में जुट गए हैं। शुक्रवार को इस कड़ी में यातायात पुलिस के जवानों ने नगर पालिका परिषद में नगर क्षेत्र में संचालित वैध और अवैध रूप से संचालित किए जा रहे इन बस अड्डों की सूची की मांग की गई। हालांकि विभागीय अधिकारियों के पास ऐसी कोई सूची उपलब्ध तो नहीं हो सकी, लेकिन शासन की मंशा के बीच नगर को जाम से मुक्त किए जाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच पालिका की ओर से जिला अस्पताल और महावीर चौक पर संचालित अवैध बस स्टैंड को सूचीबद्ध किया गया, वहीं नगर क्षेत्र में संचालित प्राइवेट बस स्टैंड के रूप में भोपा बस अड्डा, जानसठ बस स्टैंड के साथ शामली और चरथावल बस स्टैंड के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में जाम का कारण बन रहे स्थानों को सूचीबद्ध किया गया। इसके साथ ही यातायात पुलिस के द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित बस अड्डों के संचालकों से जरुरी कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया, ताकि उनकी वैधता के साथ अन्य मुद्दों की



पड़ताल की जा सके। नगरीय क्षेत्र में शुक्रवार को शुरू हुई इस बड़ी कार्रवाई से प्राइवेट बस अड्डों के साथ अवैध रूप से चल रहे तमाम डग्गामार वाहन चालकों की नींद उड़ गई है। माना जा रहा है कि आने वाले साल में यातायात पुलिस इस दिशा में कुछ नया करने वाली है।

# दंगाईयों से निपटने के लिये मुजफ्फरनगर पुलिस तैयार, पुलिस लाईन में किया गया दंगा नियंत्रण अभ्यास



**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु तथा किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के नेतृत्व में पुलिस लाइन में फोर्स को एन्टी रायट इक्विपमैन्ट्स के सम्बन्ध में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए दंगा नियंत्रण अभ्यास (एंटी रायट ड्रिल) किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, पुलिस अधीक्षक देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मुहम्मद नदीम एवं जनपद की समस्त थाना व शाखा प्रभारी, अग्निशमन विभाग सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मुहम्मद नदीम द्वारा मौजूद फोर्स को एन्टी रायट ड्रिल के सम्बन्ध में बताया एवं इस दौरान प्रयोग किये जाने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी दी गई। अभ्यास से पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का फोर्स द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कि कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। त्यौहारों के दौरान ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहां छोटी सी भी घटना बड़ा रूप ले सकती है, जिसके लिए तैयारियां बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ऐसी स्थिति के दौरान ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेगे, ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारियों के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा सभी को विभिन्न एन्टी रायट इक्विपमैन्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा ड्रिल का अभ्यास किये जाने से पूर्व स्वयं के द्वारा उपकरणों का डैमो दिया गया तथा ड्रोन कैमरे का उपयोग कर ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखने का अभ्यास कराया गया। साथ ही अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रिल में मौजूद पुलिस बल को आपात स्थिति में आग पर काबू पाने और खुद का बचाव करने के तरीके बताए गये।



## मुस्लिम दंपती ने हिंदू धर्म अपनाया

**सहारनपुर, 30 दिसंबर (वार्ता)।** शेखपुरा कदीम में रहने वाले एक मुस्लिम दंपती ने हिंदू धर्म अपनाया है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने पुराना आवास विकास स्थित शिव मंदिर में उन्हें पूजा अर्चना करा कर हिंदू धर्म स्वीकार कराया। हरिद्वार जनपद के ज्वालापुर के मोहम्मद केंटवाडा के मूल निवासी रहमान काफी समय से यहां शेखपुरा कदीम में अपनी पत्नी शाहीन और बेटी आयत के साथ रह रहे हैं। शुक्रवार को रहमान ने पत्नी और बेटी के साथ इस्लाम धर्म छोड़ कर हिंदू धर्म को अपनाया है। रहमान का नाम रमन, उसकी पत्नी शाहीन का नाम हरियान और बेटी आयत का नाम मुस्कान रखा गया।

## 19 मिनट, 11 ट्रांजक्शन और खाते से उड़ गए 5.40 लाख

**▸▸ बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक अतुल जैन के साथ हुई ऑनलाइन ठगी**
**▸▸ मण्डी पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़ित ने साइबर सेल में दर्ज कराई अपनी शिकायत**

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** साइबर क्रिमिनल रोजमर्रा लोगों की जेबों पर डाका डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक अतुल कुमार जैन से जुड़ा हुआ है। बिना ओटीपी बताये और ऑन लाइन खरीदी किये बिना साइबर ठग ने उनके खाते से 19 मिनट में 11 ट्रांजक्शन कर 5.40 लाख रुपये साफ कर दिये। जैन सही समय पर खाता ब्लॉक न कराते तो ठगी की यह रकम और ज्यादा ऊपर पहुंच जाती।

नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के पटेलनगर निवासी अतुल कुमार जैन बीएसएनएल में सहायक महाप्रबंधक के पद पर मथुरा में तैनात हैं। कुछ दिन पहले ही मुजफ्फरनगर से उनका ट्रांसफर हुआ था। इन दिनों वो छुट्टी पर घर आये हुए हैं। 29 दिसम्बर को दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर उनके मोबाइल पर अलर्ट संदेश आता है, जिसमें 49 हजार रुपये उनके बैंक खाते से निकलते हैं। ठीक दो मिनट बाद 49 हजार एक रुपया, तीन मिनट बाद 49 हजार दो रुपये, चार मिनट बाद 49 हजार तीन रुपये फिर एक-एक मिनट के अंतराल पर आठ ट्रांजक्शन होते हैं, जिनसे हर बार 49 हजार रुपये से अधिक की राशि निकल जाती है। पहली चार ट्रांजक्शन के बाद सहायक महाप्रबंधक अतुल जैन पूरा माजरा सम-। जाते हैं और वो भागकर जानसठ रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में पहुंचते हैं, लेकिन तब तक खाते से पांच लाख 40 हजार 531 रुपये उड़ जाते हैं। खाता सीज कराने के बाद रकम निकलने का सिलसिला बंद होता है। ठगी का शिकार हुए सहायक महाप्रबंधक जैन शिकायत लेकर मण्डी थाने पहुंचते हैं, लेकिन वहां पर पुलिस का रवैया बेहद ही निराशाजनक होता है। पहले कई दौर में ठगी के पूरे घटनाक्रम का सुना जाता है और बाद में उन्हें साइबर सेल जाने की सलाह दे दी जाती है। बाद में सहायक महाप्रबंधक ने इस ठगी की जानकारी साइबर सेल में दर्ज कराई। जैन का कहना है कि ना तो उन्होंने ऑनलाइन किसी तरह की खरीदारी की है और न ही किसी को कोई ओटीपी बताया है। उनका तो आरोप है कि इस ठगी में बैंक से जुड़े किसी शख्स का हाथ है।

## बेसिक शिक्षा विभाग ने सामूहिक स्वास्थ्य बीमा में आवेदन की तिथि 10 जनवरी तक बढ़ाई

**लखनऊ, 30 दिसंबर (वार्ता)।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक विभागीय सामूहिक बीमा पॉलिसी में रुचि नहीं ले रहे हैं। पहले चरण में बहुत कम आवेदन होने से आवेदन तिथि दस जनवरी तक बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन की तिथि 26 दिसंबर थी। सचिव बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि इच्छुक शिक्षक, पैरा शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी अब वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर रजिस्ट्रेशन व आवेदन कर हस्ताक्षरित प्रिंट आउट चार प्रतियों में संबंधित बीईओ कार्यालय में 11 जनवरी तक जमा कर सकते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि वादा तो बिना किसी प्रीमियम कैशलेश सामूहिक बीमा का था, लेकिन अब प्रीमियम लिया जा रहा है। बाजार में कई विकल्प उपलब्ध हैं तो ये प्लान कोई शिक्षक क्यों लेगा।

## बर्फ से जमी झील में गिरने से हुई थी भारतीय-अमेरिकी दंपती की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डूबे एक भारतीय-अमेरिकी दंपति की दो नाबालिग बेटियों को एक पारिवारिक मित्र को सौंप दिया गया है और वह जल्द ही अपने दादा-दादी के पास भारत आ जाएंगी। बता दें कि बीते सोमवार को अमेरिका के एरोजिना में बर्फ से जमी झील में गिरने से तीन भारतवंशी की मौत हो गई थी। तीनों मृतक में एक दंपती भी थे। दंपती के 7 और 12 वर्ष की आयु की लड़कियों को एरिजोना बाल सुरक्षा विभाग की हिरासत में रखा गया था, जब उनके पिता नारायण मुड्डाना (49), मां हरिता मुड्डाना, उनके परिवार के मित्र 47 वर्षीय गोकुल मेदिसेटी के साथ बर्फ से जमी झील में डूब गए थे। पुलिस कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि तीनों पीड़ित एरिजोना के चैंडलर के रहने वाले थे और मूलतः भारत से थे। बयान के मुताबिक, जब यह घटना हुई तो सबस्टेशन पर मौजूद दो पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली। इसके बाद लगभग तुरंत ही राहत-बचाव दल ने झील में फंसे लोगों को निकालने की कोशिशें शुरू कर दीं। पुलिस के मुताबिक, बचावकर्मियों ने लंबी खोज के बाद तीनों ही लोगों को मंगलवार दोपहर को निकाल लिया। इनमें से दो-नारायण मुद्दाना (49) और गोकुल मेदिसेटी (47) की मौत हो चुकी थी। वहीं, एक महिला हरिता मुद्दाना को जिंदा बाहर निकाल लिया गया। राहत-बचाव कर्मियों ने उसकी जान बचाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन भयानक ठंड से मौके पर ही उसकी भी मौत हो गई।

## फर्जी आय प्रमाण पत्र बनाये जाने पर कम्प्यूटर सैंटर सील, संचालक गिरफ्तार

**खतौली, 30 दिसंबर (बु.)। तहसीलदार आरती यादव ने विभागीय टीम के साथ नगर के रेलवे रोड स्थित एक कम्प्यूटर सैन्टर को सीज कर दुकानदार को हिरासत में लेने की सूचना से नगर के जनसेवा केन्द्र संचालकों में खलबली मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में कम्प्यूटर संचालक केन्द्रों पर फर्जी जाति, आय आदि प्रमाण पत्र बनाये जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को देर शाम खतौली तहसीलदार आरती यादव ने अपनी टीम के साथ रेलवे रोड स्थित एक कम्प्यूटर सेन्टर पर अचानक छापामरी की। इस दौरान तहसीलदार की टीम में सग्रंह अमीन अनिल शर्मा अन्य लोग शामिल रहे। छापेमारी के दौरान पायी गयी खामियों को लेकर तहसीलदार आरती यादव द्वारा कार्यवाही करते हुए सैन्टर को सीज कर दुकान स्वामी को हिरासत में लिया गया। तहसील कार्यालय के अनुसार नगर क्षेत्र के एक व्यक्ति के द्वारा तहसील कार्यालय में जमा किये गये एक आय प्रमाण पत्र के फर्जी पाये जाने पर तहसील कार्यालय द्वारा की गयी जांच में उक्त कम्प्यूटर सैन्टर द्वारा बनाये जाने का सच मिलने पर शुक्रवार को तहसीलदार आरती यादव द्वारा उक्त सैन्टर पर छापेमारी कर सील करने की कार्यवाही अमल में लायी गयी। छापेमारी की इस कार्यवाही से नगर के कम्प्यूटर सैन्टरों व जनवाणी केन्द्रों के मालिकों में हडकंप मच हुआ है।**

## पांच सौ रुपये के लिए शर्त लगाकर तालाब में कूदा युवक, पन्द्रह घंटे बाद मिला शव

**बदायूं।** गुरुवार रात सैदपुर कस्बे में तालाब किनारे मोहल्ले के कई युवक अलाव लगाकर अपने हाथ सेंक रहे थे। परिवार वालों के मुताबिक, उस दौरान कस्बे के मोहल्ला खेड़ा सादात निवासी 18 वर्षीय दिलशाद पुत्र इबरत अली और उसका छोटा भाई फैजान भी वहां मौजूद था। बातों ही बातों में युवकों में इस ठंड में तालाब पार करने की बहस छिड़ गई। उन्होंने आपस में शर्त रखी कि जो व्यक्ति तालाब में घुसकर इसे पार करेगा उसे पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। इस शर्त पर चार-पांच युवकों ने अपने कपड़े उतारे और तभी दिलशाद तालाब में कूद गया, लेकिनअन्य युवक तालाब में नहीं कूदे। दिलशाद तैरना नहीं जानता था। वह डूबने लगा। यह देख कर साथी युवकों ने शोर मचाया। शोर- शराबा सुनकर कस्बे के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोग युवक को बचाने में जुट गए, लेकिन तब तक युवक गहरे पानी में डूब गया था।

# नए साल के जश्न के लिए उमड़ने लगा जोश

**▸ कोरोना के खतरे के चलते गाइड लाइन जारी ▸ पार्टियों में बिना लाइसेंस जाम छलकाना पड़ेगा भारी**

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** नए साल के स्वागत के लिए शहर समेत जिले भर में तमाम जगह जश्न की तैयारियां चल रही हैं। अनेक संस्थाओं द्वारा आयोजनों का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है। युवाओं में इसे लेकर खासा जोश है। शासन ने नए साल के जश्न में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी है। इसके अलावा आबकारी विभाग ने बिना लाइसेंस जाम छलकाने वालों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

शहर में तमाम स्थानों पर नए साल के स्वागत के लिए जहां दुकानों व होटलों पर साज सज्जा के साथ आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है, वहीं 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए तमाम युवाओं में खास जोश देखा जा रहा



है। इसके लिए पार्टी समेत तमाम आयोजनों की तैयारी की जा रही है। इस दौरान अनेक धार्मिक आयोजन भी होंगे। नई मंडी रामलीला मैदान में खाटू श्याम के भक्तों द्वारा श्याम वंदना शरद ऋतु उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महेश परमार श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे। दूसरी ओर गांधी कॉलोनी के श्री श्री गोलोक धाम में भी भजन संध्या का आयोजन होगा। गणपति खाटू श्याम धाम में एक जनवरी को विशेष भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तेजी बदर्स मौजूद रहेंगे। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने नववर्ष आयोजनों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सभी होटल, रिसार्ट व मॉल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके यहां आने वाले लोगों को सख्ती से कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराएं। सभी आयोजकों को खुले स्थान पर कार्यक्रम करने के लिए कहा गया है। पार्टी में मास्क व सामाजिक दूरी का पालन कराना होगा और सैनिटाइजर की व्यवस्था रखनी होगी। दूसरी ओर आबकारी विभाग ने भी इस मौके पर खास सतर्कता के निर्देश जारी किए हैं। नए साल पर यदि पार्टी आयोजित करनी है तो इसके लिए पहले पुलिस की अनुमति जरूरी होगी। इसके बाद ही आबकारी विभाग पार्टी में शराब की बिक्री के लिए अस्थायी बार का लाइसेंस देगा। जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि अस्थायी बार का उनको ही लाइसेंस दिया जा रहा है, जिन्होंने आवेदन के साथ पुलिस से अनुमति प्राप्त होने का पत्र लगाया है। इसके बारे में सभी होटल, रेस्त्रां, मैरिज लॉन, इवेंट ऑर्गनाइजर्स या व्यक्तिगत रूप से पार्टियां कराने वाले लोगों को भी सूचना दी जा रही है कि पहले पुलिस की अनुमति ले लें। पुलिस भी अनुमति देने के समय ही निगरानी के लिए अपनी टीमों को लगा रही है। इन पुलिस टीम का काम अनुमति दिए जाने वाले स्थल की निगरानी कर वहां किसी भी बवाल की आशंका को खत्म कराना होगा।